तापमान
अधिकतम 40.4 डिग्री
न्यूनतम 31.5 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 जून 2026



पुलिस लाइन पेट्रोल पंप बंद। तेल के लिए भटकते रहे लोग।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

# सर्पदंश से मृत्यु के फर्जी प्रकरणों में 60 लाख का भुगतान शासन को हुई क्षति, 15 मामलों में दर्ज होगी एफआईआर

- अपराध कायम करने जिला प्रशासन ने थानों में भेजा पत्र
- विधानसभा में सवाल उठने के बाद जिले में हो रही थी प्रकरणों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधानसभा में सवाल उठने के बाद जिले में सर्पदंश से मृत्यु के फर्जी प्रकरणों में शासन को 60 की क्षति पहुंचाने का खुलासा हुआ है। इसके बाद जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए संबंधित थानों में सभी 15 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने पत्र भेजा है। पुलिस प्रकरणों के ओरिजन दस्तावेज प्राप्त करने के बाद सभी मामलों में एफआईआर दर्ज करेगी।

खास खबर

गौरतलब है कि विधानसभा में फर्जी सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरणों पर सवाल किया गया था। उसके बाद जिले में कलेक्टर के निर्देश पर फर्जी प्रकरणों की जांच की जा रही थी। प्रशासन की लगभग जांच पूरी हो गई है। इसमें जिले में 15 प्रकरणों में प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना पाया गया है। इसमें सिविल लाइन थाना में 4, सरकण्डा में 5, तोरवा में 2, सिटी कोतवाली में 1, सिरगिट्टी में 1 व अन्य थानों का मामला है। सभी मामलों में संबंधित अवेदिका / आवेदक द्वारा वास्तविक मृत्यु का कारण छुपाकर शासन से सर्पदंश मृत्यु,जहरीले जंतु के कांटने से मृत्यु सहायता योजना अंतर्गत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त कर ली गई। इस तरह से 15 प्रकरणों में शासन को 60 लाख रुपए क्षति की पहुंचाई। जिला प्रशासन ने उक्त कृत्य को प्रथम दृष्टया कूटरचना और छलपूर्वक शासकीय राशि प्राप्त करने एवं शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने की श्रेणी में माना है। साथ ही प्रशासन की ओर से नायब नाजिर दौलत राम ठाकुर को सूचनाकर्ता नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सभी प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध विधिसम्मत धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। नायब नाजिर ने सभी संबंधित थानों को मूल प्रकरण एवं प्रकरण की सूची भी सौंप दी है। जल्द ही संबंधित थानों में फर्जी सर्पदंश से शासन को क्षति पहुंचाने वाले 15 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज होगी।

### पूर्व में बिल्हा में हुई थी गिरफ्तारी

ज्ञात हो कि 14 नवंबर 2023 में बिल्हा पोड़ी निवासी शिव कुमार धृतलहरे की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई थी। परिजन ने वकील, पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर की मदद से मामले को सर्पदंश में बदल कर शासन से 4 लाख रुपए सहायता राशि प्राप्त कर ली थी। जांच में खुलासा हुआ था कि मृतक की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई थी। 18 माह बाद जून 2025 में शव को कब्र से निकलवाकर सिम्स में दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें जहरीले पदार्थ से मृत्यु होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने उक्त मामले में वकील, डाक्टर व दो परिजन को गिरफ्तार किया था।

### कई डाक्टर, वकील, परिजन निपटेंगे

बताया जाता है कि परिजन वकील के माध्यम से पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर से सांठगाठ कर सामान्य मौत पर पीएम रिपोर्ट में सर्पदंश लिखा लेते थे। उसके माध्यम से शासक को चूना लगाया जा रहा था। एक तरह से यह गिरोह चल रहा था। जिले में 15 फर्जी सर्पदंश के मामलों का खुलासा हुआ है। इसमें कई वकील, डाक्टर व परिजन पर कार्रवाई की गाज गिरने वाली है।

### नागलोक में 96 तो बिलासपुर में 431 लोगों की मौत

दरअसल छत्तीसगढ़ में सर्पदंश के मुआवजे के नाम पर करोड़ों की धांधली का मामला सालों से चला आ रहा है। जशपुर जिसे छत्तीसगढ़ का नागलोक कहा जाता है वहां सर्पदंश से 96 लोगों की मौत हुई और इसके लिए तीन करोड़ रुपए का मुआवजा दिया गया जबकि



बिलासपुर में सांप के काटने से 431 लोगों की मौत हुई और 17 करोड़ रुपए की राशि बांटी गई। विधानसभा में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने सर्प दंश से मौत के नाम पर फर्जी मुआवजे का मामला उठाया और सचिव स्तरीय जांच की मांग की थी। विधायक श्री शुक्ला ने आरोप लगाया था कि रैकेट बनाकर फर्जी भुगतान किया गया है। विधायक धरमलाल कौशिक ने भी संदेह जताते हुए कहा था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर भुगतान होना चाहिए, इसकी जांच आवश्यक है।

### सिविल लाइन थाने में इन प्रकरणों में होगी एफआईआर

- तालापारा निवासी मृतक स्व. पवन यादव पिता राम सिंह यादव
- कोनी निवासी स्व. विमलेश कैवर्त पति रामनारायण कैवर्त
- कुदूदण्ड निवासी स्व. सुनीता धृतलहरे पति स्व. साधे धृतलहरे
- तालापारा निवासी स्व. फागुराम प्रजापति पिता स्व. रामदुलारे प्रजापति

### जल्द होगी एफआईआर

जिले में फर्जी सर्पदंश से 15 प्रकरणों का खुलासा हुआ है। एफआईआर दर्ज करने पत्र प्राप्त हुआ है। प्रकरणों के ओरिजनल दस्तावेज प्राप्त करने के बाद सभी मामलों में एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

- पंकज कुमार पटेल, एडीशनल एसपी

## खबर संक्षेप

### कोटा हत्याकांड, छठवें दिन फरार आरोपी गिफ्तार

**बिलासपुर।** कोटा हत्याकांड के मामले में पुलिस को छठवें दिन फरार आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिल गई है। पुलिस चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। 4 जून को कोटा पथर्रा निवासी निखिल गोस्वामी की कोटा स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी के पीछे मैदान में आंख में मिर्ची पाउडर डालकर मारपीट करते हुए भारी पत्थर से हमला कर जघन्य हत्या कर दी गई थी। पुलिस हथियारों की तलाश में जुट गई थी। पूछताछ में चारों आरोपियों का नाम पुलिस के पास आ गया था। ज्ञात हो कि 9 जून को बड़ी संख्या में कोटा के लोगों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी और फांसी की सजा दिलाने की मांग की थी। पुलिस तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई थी। 10 जून को पुलिस ने पतासाजी कर ग्राम मुंडा के आदतन बदमाश सहित चार लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल कर लिया है। चारों को हिरासत में लेकर हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है। खबर है कि 11 जून को पुलिस के उच्च अधिकारियों के द्वारा जगन्य हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदाओं के पूर्व सचेत करेगा एप

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू एवं तापघात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से पहले लोगों को समय पर सतर्क करने के उद्देश्य से सचेत, दामिनी और मेघदूत मोबाइल एप्स बनाया गया है। इस एप्स से नागरिकों को संभावित आपदाओं की पूर्व चेतावनी मिल सकेगी, जिससे जनहानि और नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। आपदा की स्थिति में सहायता एवं बचाव के लिए टोल फ्री नंबर 1070 और 112 भी जारी किया गया है।

### 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षाएं 8 जुलाई से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। मंडल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों परीक्षाएं जुलाई में आयोजित होंगी। हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। हाईस्कूल द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक होगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक है।

### बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। आवेदन पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। यह पुरस्कार खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को दिया जाता है। आवेदक की आयु 31 जुलाई 2026 तक 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए तथा भारत में निवास करना अनिवार्य है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे तथा प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी।

## सड़क की चौड़ाई, परिसर और बाजार के हिसाब से तय किया गया शुल्क
# गुमटी, कच्ची दुकान, ठेले वालों को भी लेना होगा लाइसेंस, वाहनों में व्यापार तो भी पंजीयन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम सीमा क्षेत्र में अब सड़क की चौड़ाई, परिसर, गुमटी और वाहन के आधार पर शुल्क चुकाना होगा। इसमें हर दो साल में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।नए नियम के मुताबिक प्रत्येक ठेले वालों को लाइसेंस के लिए सालाना 250 रुपए चुकानें होंगे। इसके साथ ही गुमटी और छोटी दुकानों का सड़क के हिसाब से रेट तय किया गया है। इसमें गली में गुमटी है तो 4 रुपए , गली से बाहर है तो 5 रुपए और मुख्य सड़क पर है तो 6 रुपए प्रति वर्गफिट लाइसेंस के लिए देना होगा। इसके साथ ही निगम सीमा क्षेत्र में 15 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क किनारे 10 फीट की दुकान में व्यापार करते हैं तो अब करीब 11 हजार रुपए सालाना चुकाने होंगे। इसके साथ ही हर दो साल में टैक्स 5 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, फीस भी साल भर में एक मुश्त अग्रिम चुकानी होगी। लाइसेंस नवीनीकरण के लिए कम से कम एक माह पूर्व आवेदन करना होगा। छह माह तक नवीनीकरण नहीं कराने पर 15 प्रतिशत से लेट फीस भी वसूली का प्रावधान किया गया है।

अलग खबर



### नया ट्रेड लाइसेंस प्रावधान निगम में लागू

- गली में गुमटी है तो 4 रुपए ,गली से बाहर है तो 5 रुपए और मुख्य सड़क पर है तो 6 रुपए प्रति वर्गफिट देना होगा

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के मुताबिक अभी तक ट्रेड लाइसेंस के लिए निकायों में अलग-अलग तरीके से टैक्स की वसूली की जाती थी। लिहाजा, फीस को एक समान करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। पहले व्यापार की अलग-अलग श्रेणियों के लिए अलग-अलग शुल्क की दरों से वसूली की जाती थी। निगम में ही ट्रेड लाइसेंस के नाम पर कई स्लैब थी। अब चार स्लैब तय किए गए हैं। इसमें नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद क्षेत्र में संबंधित दरों के हिसाब से एक समान व्यापार अनुज्ञप्ति के रूप में राशि चुकानी होगी। इसे ट्रेड लाइसेंस कहा जाएगा।

### गुमटी, कच्ची दुकान और वाहन में व्यापार

गुमटी या कच्ची दुकानों के लिए लाइसेंस फीस नगर निगम सीमा में 250 रुपए, नगर पालिका सीमा क्षेत्र में 150 रुपए और नगर परिषद सीमा में सौ रुपए की दर से हर साल वसूली जाएगी। इसके साथ ही मिनी ट्रक, पिकअप वेन, जीप आदि या कोई भी चार पहिया वाहन से व्यापार की स्थिति में नगर निगम में 400 रुपए प्रति वाहन, नगर पालिका में 300 रुपए प्रति वाहन, नगर परिषद में 200 रुपए प्रति वाहन शुल्क चुकाना होगा। ऑटो रिक्शा या कोई भी तिपहिया वाहन से व्यापार की स्थिति में नगर निगम में 250 रुपए प्रति वाहन देना होगा।

### रजिस्ट्रेशन जरूरी

निगम क्षेत्र में खुलने वाली प्रत्येक दुकान का अब रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसमें गली मोहल्लों में खुलने वाली दुकानें, गुमटियों के साथ ही ठेले वाले भी शामिल हैं। नए नियम के अनुसार गुमास्ता लाइसेंस तो श्रम विभाग जारी करेगा लेकिन ट्रेड लाइसेंस निगम से लेना अनिवार्य होगा।

- पूजा विधानी, महापौर

### शुल्क की गणना को ऐसे समझिए

सड़क की चौड़ाई के आधार पर (प्रतिवर्ष)

- 7.5 मीटर से कम या 7.5 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे नगर निगम में 4 रुपए प्रति वर्ग फीट, नगर पालिका में 3 रुपए प्रति वर्ग फीट और नगर परिषद में 2 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से टैक्स चुकाना होगा।
- 7.5 और 15 मीटर के बीच चौड़ी सड़क के किनारे नगर निगम में 5 रुपए प्रति वर्ग फीट, नगर पालिका में 4 रुपए प्रति वर्ग फीट और नगर परिषद में 3 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से टैक्स चुकाना होगा।
- 15 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर नगर निगम में 6 रुपए प्रति वर्ग फीट, नगर पालिका में 5 रुपये प्रति वर्ग फीट और नगर परिषद में 4 रुपये प्रति वर्ग फीट की दर से टैक्स चुकाना होगा।

परिसर के आधार पर ट्रेड लाइसेंस फीस (प्रतिवर्ष)

- मोहल्ला या कॉलोनी में 4 रुपए प्रति वर्ग फीट, नगर पालिका में 3 रुपए प्रति वर्ग फीट और नगर परिषद 2 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से टैक्स वसूला जाएगा।
- छोटे या मध्यम आकार के बाजारों में 5 रुपए प्रति वर्ग फीट, नगर पालिका में 4 रुपए प्रति वर्ग फीट और नगर परिषद में 3 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से टैक्स वसूला जाएगा।

### 20 दिनों से पोर्टल बंद, नहीं बन रहा लाइसेंस

इधर 21 अप्रैल के बाद से लाइसेंस पोर्टल बंद कर दिया गया है। निगम के मुताबिक नए प्रावधानों के हिसाब से इसे अपडेट किया जा रहा है।हालांकि इसी बीच जिन्होंने पहले आवेदन किया था उनके पैसे और प्रकरण दोनों पेंडिंग हो गए हैं। यही वजह है कि नया कानून लागू होने के बाद कारोबारियों और प्रमाण-पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों को च्वाइस सेंटर वाले भी लौटा रहे हैं। इधर नए कानून तथा पंजीयन प्रक्रिया से अलग करने के कारण निगम को राजस्व का नुकसान होगा। नगर निगम गुमाश्ता के आवेदन के साथ कारोबारियों से दुकान का पुराना टैक्स जमा करवाता था। निगम के सभी जोन में मिलाकर रोजाना औसतन 15 से 20 आवेदन आते थे। अब निगम को ट्रेड लाइसेंस जारी करने का ही अधिकार रहेगा।

# 10 दिन बढ़ सकती हैं गर्मी की छुट्टियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित प्रदेश भर में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और तपिश के कारण राज्य सरकार स्कूली बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को आगे बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बात के संकेत दिए हैं कि यदि मौसम के मिजाज में जल्द सुधार नहीं होता है, तो 16 जून से स्कूल खुलने की निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाया जाएगा। हालांकि इस बात पर चर्चा अंतिम दौर में है कि छुट्टियां 10 दिन की बढ़ाईं जाएं कि सीधे एक जुलाई से स्कूल खुलने का आदेश जारी किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे के मुताबिक आदेश के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ होगी। फिलहाल तो 16 जून के हिसाब से ही प्रवेशोत्सव की तैयारी की जा रही है।

ध्यान रहे कि सरकारी नियमों के तहत प्रदेश भर के सभी स्कूल आगामी 16 जून से खुलने वाले हैं। हालांकि, जून का आधा महीना बीत जाने के बाद भी राज्य में गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो रहा है और लगातार तेज धूप व उमस बनी हुई है। इस भीषण गर्मी में बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर माता-पिता और अभिभावकों में गहरी चिंता व्याप्त है। इसी जमीनी स्थिति को देखते हुए पिछले दिनों शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने भी स्पष्ट किया था कि कि सरकार के लिए बच्चों की सेहत और सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है, जिसके चलते वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा की जा रही है।



### जल्द जारी होगा आदेश

- जिले सहित प्रदेश भर में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी

### पिछले साल 10 दिन बढ़ी थी स्कूलों की छुट्टी

फिलहाल तो विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावक और खास तौर पर स्कूल संचालक स्थिति साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। विभाग के अधिकारी भी मान रहे हैं कि ग्रीष्मकालीन अवकाश को कुछ और दिनों के लिए बढ़ाने की तैयारी है और पूरी उम्मीद है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मौसम की स्थिति को देखते हुए जल्द ही एक नया आधिकारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। संकेत है कि 25 या 26 जून तक अवकाश को बढ़ाया जाएगा ताकि, बारिश शुरू होने के बाद तापमान कुछ कम हो जाए। ध्यान रहे कि पिछले साल भी 10 दिन की छुट्टियां बढ़ाई गई थीं। हालांकि, छुट्टी बढ़ाने की घोषणा होते ही छत्तीसगढ़ में प्री मानसून की झमाझम बारिश शुरू हो गई थी। लिहाजा, स्कूल शिक्षा विभाग अभी यह फाइनल नहीं कर पाया है कि छुट्टियां कितने दिनों की बढ़ाई जाए।

## सुशासन शिविर: संभाग में कुल मिलाकर 1.43 लाख आवेदन किए गए
# बिलासपुर में 22 हजार, कोरबा में सबसे अधिक 34 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में एक मई से 10 जून तक चलाए गए सुशासन शिविर के अंतर्गत मांग व शिकायतों को मिलाकर कुल 1 लाख 43 हजार 536 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें सबसे अधिक 34 हजार 601 आवेदन कोरबा जिले से हैं। इसी तरह सबसे कम 8 हजार 487 आवेदन नवगठित जिला सक्ती में प्रस्तुत किए गए हैं। बिलासपुर जिले में 22 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं।

सुशासन तिहार के अंतर्गत सरकार द्वारा प्रदेश में एक महीने से भी अधिक समय तक ग्रामीण व शहरी शिविरों के माध्यम से आम जनता से आवेदन प्राप्त करने एवं उनके निराकरण की दिशा में कार्य करने का सिलसिला अब समाप्त हो गया है। स्थानीय जिला प्रशासनों के द्वारा प्राप्त आवेदनों को उन विभागों को भेजा गया है, जो उनके विभाग के विषय से संबंधित हैं। जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए कोई समयावधि तो निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन प्रशासन का दावा है कि आवेदन प्राप्त होने के दिनांक को ही निराकरण की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। शिविरों में मांग की तुलना में शिकायतों की संख्या जहां नगण्य रही, वहीं ज्यादातर मांग व्यक्तिगत हितलाभ से जुड़े पाए गए। कुछ मांग ऐसे भी हैं, जिनमें बजट की आवश्यकता है व जिसका निराकरण शासन स्तर से ही किया जा सकता है। नोडल अधिकारियों के अनुसार ऐसे आवेदनों को निराकरण के लिए शासन को भेजा गया है। शेष आवेदन जो स्थानीय स्तर पर ही निराकृत किए जा सकते हैं, उनका निराकरण जल्द से जल्द किए जाने का प्रयास है।



### 50 प्रतिशत आवेदन पीएम आवास व पेंशन के

प्राप्त आवेदनों में पचास प्रतिशत से भी अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास की मांग से संबंधित शामिल हैं। इसके बाद शासन के द्वारा चलाई जा रही पेंशन स्कीमों में लाभ दिलाए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनों की संख्या है। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रस्तुत आवेदनों में ज्यादातर आवेदक ऐसे हैं, जो पात्रता नहीं रखते या उनके आवेदन पूर्व में ही खारिज किए जा चुके हैं। इस तरह के आवेदनों के कारण ही संभाग में आवेदनों की संख्या 22 हजार तक पहुंची है। सारे आवेदनों को निराकरण के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचा दिया गया है।

### जिलावार आवेदनों की संख्या

| जिला | ग्रामीण शिविर | शहरी शिविर | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|
| कोरबा | 27431 | 7170 | 34601 |
| जीपीएम | 7946 | 658 | 8604 |
| जांज-चांपा | 20346 | 3849 | 24195 |
| बिलासपुर | 13230 | 8819 | 22049 |
| मुंगेली | 18152 | 1796 | 18948 |
| रायगढ़ | 23917 | 2735 | 26652 |
| सक्ती | 7654 | 833 | 8487 |

### एक महीने के भीतर सारे आवेदनों का निराकरण कर दिया जाए

बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में सुशासन तिहार में काफी कम आवेदन आए हैं। इनमें भी ज्यादातर आवेदन ऐसे हैं, जो पूर्व में अपात्र होने के कारण खारिज किए जा चुके थे और लोगों ने सुशासन तिहार में फिर से प्रस्तुत कर दिए। पूरा प्रयास है कि आवेदन प्रस्तुत करने के दिनांक से एक महीने के भीतर सारे आवेदनों का निराकरण कर दिया जाए।

- संदीप कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत
नोडल अधिकारी सुशासन ग्रामीण शिविर

### आवेदनों के निराकरण की कोई तय समयावधि नहीं

प्राप्त ज्यादातर आवेदनों में आवास व पेंशन व राशन कार्ड की मांग वाले आवेदन ही अधिक हैं। शहर की बिजली व्यवस्था को लेकर भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनके निराकरण के लिए आवेदन विद्युत विभाग को भेजा गया है। कई आवेदन ऐसे भी हैं, जिनका निराकरण शासन स्तर से होना है। आवेदनों के निराकरण की कोई तय समयावधि नहीं है। आवेदन प्राप्त होते ही निराकरण की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

- प्रकाश कुमार सर्वे, आयुक्त नगर निगम
नोडल अधिकारी सुशासन शहरी शिविर

## खबर संक्षेप

### 13वें ब्रिक्स शहरीकरण फोरम में शामिल होंगे तोखन

**बिलासपुर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 11 एवं 12 जून को नई दिल्ली में होने वाले 13वें ब्रिक्स शहरीकरण फोरम में भाग लेंगे। भारत की



ब्रिक्स अध्यक्षता के अंतर्गत आयोजित यह महत्वपूर्ण मंत्रीस्तरीय मंच ब्रिक्स देशों के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, शहरी विकास विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं एवं विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाकर समावेशी, सतत एवं लचीले शहरी विकास के विषय पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानवता सर्वोपरि दृष्टिकोण तथा भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण से प्रेरित यह फोरम लोगों के लिए शहरः समावेशी और लचीले शहरी भविष्य के लिए ब्रिक्स सहयोग विषय पर केंद्रित होगा। श्री साहू ने कहा कि ब्रिक्स देशों में तीव्र शहरीकरण के साथ आवास, शहरी गतिशीलता, जलवायु जोखिम, नगर निकायों की क्षमता, शहरी वित्त एवं नागरिक सेवाओं जैसी समान चुनौतियां उभर रही हैं। ऐसे समय में यह मंच सदस्य देशों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान, नवाचारों को साझा करने तथा समावेशी, लचीले एवं सतत शहरों के निर्माण हेतु सहयोग को और सुदृढ़ बनाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। फोरम के दौरान श्री साहू कई आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 11 जून को रूस तथा 12 जून को ईरान के प्रतिनिधिमंडलों के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठकें प्रस्तावित हैं। श्री साहू सुषमा स्वराज भवन में आयोजित फोरम के दोनों प्रमुख पूर्ण सत्रों में उद्घाटन एवं समापन संबोधन देंगे।

### रोजगार मेले में 122 युवाओं का चयन 234 अभ्यर्थी प्रारंभिक रूप से चयनित



**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी द्वारा आयोजित रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों द्वारा कुल 653 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। मेले में 935 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कराया, जिनमें से 687 आवेदक उपस्थित हुए। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 234 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन तथा 122 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया। रोजगार मेले का निरीक्षण संभागायुक्त सुनील जैन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न नियोजक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा रोजगार की तलाश में पहुंचे युवाओं से चर्चा कर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली।

### पर्वतारोही अमिता का कन्नौजिया समाज ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** पाती भी हूं, खोती भी हूं, गिरती भी हूं लेकिन फिर भी बहुत मजबूती से संभल जातीं हूं। कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ जाती हूं। अपने संघर्षों को साझा करते हुए भावुक अमिता कहती है कि ईश्वर का धन्यवाद वो मेरे साथ रहती है। कनौजिया श्रीवास समाज के अध्यक्ष नारायण श्रीवास ने उनकी इस उपलब्धि पर समाज की ओर से उनका सम्मान किया। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही पिछले महीने 22 मई को विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट उंचाई 8848 पर भारत कि तिरंगा फहराते हुए देश प्रदेश ,समाज,परिवार का मान बढ़ाने वाले सुश्री अमीता श्रीवास बहुत सरल सहज और सभ्य है। इस अवसर पर मनोज श्रीवास राजेश श्रीवास, दीपक श्रीवास, दिव्या श्रीवास, साक्षी श्रीवास आदि मौजूद थे।

### भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुण्डा के शहादत दिवस पर 9 जून को बिरसा मुण्डा चौक, वार्ड क्रमांक 3, साईं नगर, उसलापुर, में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं समाज के लोगों ने भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डॉ. चंद्रशेखर उइके, कुन्दन सिंह ठाकुर, ललित ध्रुव, राजेन्द्र टंडन , रामचन्द्र यादव, एस. एन. सिंह, गोवर्धन सिदार, इंदा नेताम, किशुन मरावी, कौशल मरावी, जन्तु मरकाम, पंकज ध्रुव, नारायण ध्रुव, गगन नेताम, रामनाथ ध्रुव, दिलहरण मरकाम, शत्रुघ्न ध्रुव, संतोष ध्रुव, जगदीश ध्रुव, कपिल ध्रुव, आयुष ध्रुव, अश्वनी मरकाम, अमर किशोर ध्रुव, लव सिदार, हीरालाल नेताम, दिलीप ध्रुव, राजेश टंडन, छेदी रात्रे एवं सुरेश टंडन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का त्याग, बलिदान और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

---

**बाबाधाम का सफर कठिन** | **आरक्षण कार्यालय के सामने किया रात जागरण**

# तत्काल बुकिंग कराने रात भर कांवरियों ने किया इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तत्काल बुकिंग की मारामारी इतनी अधिक हो गई है कि यात्री सुबह आरक्षण कार्यालय की खिड़की खुलने का रात भर बिस्तर और मच्छरदानी लगाकर बाहर बैठकर इंतजार करते हैं। यह ऐसे यात्री हैं, जिन्हें बाबा धाम तक कंवर लेकर सफर करना है। इन यात्रियों के लिए अब तक रेल प्रशासन ने भी कोई स्पेशल ट्रेन चलाने की कोई घोषणा नहीं की है।

सावन मास में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ बिहार के देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वालों की रहती है। इसके लिए बिलासपुर से होकर केवल दो ट्रेनों की सुविधा यात्रियों को मिल रही है। पहली ट्रेन दुर्ग से रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ होते हुए आरा तक जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में और



दूसरी ट्रेन बिलासपुर से पटना के बीच चलने वाली ट्रेन है। इन दोनों ट्रेनों में सावन मास के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिलनी मुश्किल हो जाती है, जिसके कारण यात्री दो माह पहले से ही बुकिंग करना पसंद करते हैं ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। इसमें कई बार यात्रियों को कंफर्म बुकिंग भी नहीं मिल पाती है, जिसकी वजह से यात्री ट्रेन के संबंधित तिथि में जाने तक और चार्ट का इंतजार करते हैं। सबसे अधिक मारामारी तत्काल में रहती है, जिसके शुरु होने के साथ ही हजारों यात्री एक साथ आनलाइन बुकिंग करते हैं। इसके कारण तत्काल में भी कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह का हाल मंगलवार की रात से लेकर बुधवार की सुबह तक बिलासपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण कार्यालय में हुआ। सावन मास शुरु होने से पहले ही कांवरियों का जत्था देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम जाना शुरु हो गया है। बुधवार की सुबह 8 बजे आरक्षण कार्यालय की खिड़की खुलने के लिए यात्री मंगलवार की रात रेलवे क्षेत्र पहुंच गए, जहां काउंटर खुलने का सुबह तक प्रांगण में चटाई बिछाकर और मच्छरदानी लगाकर इंतजार करते रहे। काउंटर खुलने के साथ ही तत्काल के लिए यात्रियों की लंबी लाइन तो लग गई, लेकिन उन्हें कंफर्म टिकिट नहीं मिल सका।

**स्पेशल ट्रेन की सुविधा**

बोलबम कांवरिया संघ के राजू गुप्ता, विमल त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि सावन में बाबा बैद्यनाथ धाम के साथ अन्य शिवालयों तक सफर करने के लिए श्रद्धालु जाते हैं। कई बार काउंटर खुलते ही तत्काल की टिकिट भी कंफर्म नहीं मिल पाती है। कांवरियों का कहना है कि कांवर लेकर लंबी दूरी तक सफर करना आसान नहीं होता है। ऐसे में रेलवे यदि सावन मास के दौरान स्पेशल ट्रेन की सुविधा देती है तो कांवरियों को काफी राहत मिलेगी।

---

**आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता**

# सुपरस्पेशलिटी अस्पताल पहुंचीं केंद्रीय राज्यमंत्री, स्वास्थ्य सेवा को सराहा



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर को जानकारी देते डॉ. बीपी सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने दो दिवसीय बिलासपुर प्रवास के अंतिम दिन कोनी स्थित कुमार साहब स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार व्यवस्थाओं एवं स्वच्छता प्रबंधन का जायजा लिया।

उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में स्थापित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक, ऑपरेशन थिएटर सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और उपचार व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर मरीजों को दी जा रही सेवाओं और अस्पताल संचालन के संबंध में जानकारी ली।

### प्रतिदिन 120 से 150 मरीज ओपीडी से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हैं

अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.पी. सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री को बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 120 से 150 मरीज ओपीडी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हैं। इसके अतिरिक्त आईपीडी में भर्ती मरीजों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए सेवा भावना और संवेदनशीलता के साथ मरीजों की देखभाल जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही: सावित्री

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर का कहना है कि पहले महिलाएं संगठित नहीं होती थी। यहां तक राजनीति में भी मुश्किल से आती थी, किन्तु आज महिलाएं चांद पर पहुंच रही है और हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं।



बिलासपुर प्रवास पर पहुंची केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से लगातार मोदी सरकार महिलाओं के लिए काम कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिलाओं के सम्मान में 12 करोड़ शौचालय बनवाएं। जन धन खाते में 56 प्रतिशत महिलाओं के हैं। इसी तरह 90 लाख समूहों में 10 करोड़ महिलाएं जुड़ी हुई हैं। यहां तक सेना में भी 3 हजार से बढ़कर 11 हजार महिलाएं नेतृत्व कर रही है और हर जगह महिलाएं आगे आ रही हैं। बढ़ते महिला अपराधों के प्रश्न पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर का कहना था कि 60 सालों तक देश में कांग्रेस की सरकार रही और पहले भी महिला अपराध होते थे। लेकिन लोगों तक जानकारी नहीं पहुंच पाती थी क्योंकि अखबार के अलावा कोई माध्यम नहीं था। आज डिजीटलीकरण का विस्तार हो गया है और महिलाएं पहले की तुलना में अधिक संख्या में शिकायत दर्ज करा रही है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, 181 हेल्पलाइन आदि डिजिटल माध्यम के जरिए जानकारी भी सामने आ रही है। उन्होंने सुकुन्या समृद्धि योजना, बाल विवाह पर रोक, गर्भवर्ती मातृ वंदना योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज महिलाओं की स्वास्थ्य से लेकर सरकार हर तरह की चिंता कर रही है।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया समाजसेवी**

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आंगनबाड़ी सहायिकाओं, कार्यकर्ताओं के वेतन विसंगति एवं सुविधाओं के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें हर प्रकार के सुविधाएं देते हैं और वे समाजसेवी के रूप में काम करते हैं, उनकी नियुक्ति के समय ही नियमों और शर्तो में यह उल्लेख रहता है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कई सुविधाएं बढ़ाई है। मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों के एकीकरण, सहायिकाओं के पदोन्नति प्रावधान,आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रसूति अवकाश तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

---

## चौकसे कॉलेज की दिशा ने बीकॉम अंतिम में किया टॉप

**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स ने एक बार फिर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता एवं गौरवशाली परंपरा को कायम रखा है।






एजुकेशन प्लस

महाविद्यालय का बी. कॉम अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है, जिसमें विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसमें दिशा यादव ने 74.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम रही। वारिस खान और अंजली विश्वकर्मा ने 73.50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, भूमिका राजपूत ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय रही महाविद्यालय के प्रबंध संचालक डॉ. आशीष जायसवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी एवं मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करना है, जिसके सकारात्मक परिणाम लगातार प्राप्त हो रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता संभव हुई है। वहीं रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## आधारशीला न्यू सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने की नाटिका की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** महिलाओं एवं किशोरियों में मासिक धर्म ( माहवारी) के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भ्रांतियों को दूर करने तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से "जागरूक नारी" मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रार्थना भवन, जल संस्थान विभाग में किया गया।

- महिलाओं को किया गया जागरूक

कार्यक्रम का आयोजन आर्यन फ़िल्म द्वारा किया गया। इस अवसर पर आधारशिला विद्या मन्दिर के विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका 'खेत की मिट्टी' की प्रस्तुत दी। विद्यार्थियों में चिन्मय पटेल, समीर, सिफ़त, भूमिका आर्या, अद्विका खंडेलवाल और निकिता मिंज ने नाटिका के माध्यम से माहवारी से जुड़े मिथ्य विचारों को समाप्त करने का संदेश दिया। विद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जागृति खर्डेनवीस, शिक्षिका अपूर्वा तिवारी और ऋतु सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल, विशिष्ट डीआईजी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल तथा नगरनिगम कमिशनर प्रकाश कुमार सर्वे थे। इस कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के प्रमुख डॉक्टर विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि मासिक धर्म एक पूर्णतः प्राकृतिक एवं जैविक प्रक्रिया है, जिसके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं एवं किशोरियों से मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा इस विषय पर खुलकर संवाद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, पोषण, स्वच्छता तथा सैनिटरी उत्पादों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं ने भी अपने प्रश्न पूछकर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

**मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, महिलाओं के जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया**

कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस विषय पर सकारात्मक सोच अपनाते हुए महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और गरिमा को बढ़ावा देना चाहिए। आयोजकों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

---

## कालेजों में नए शिक्षा सत्र के लिए 16 जून से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों में नए शिक्षा सत्र के लिए 16 जून से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी और उसी दिन से यूनिवर्सिटी प्रवेश पोर्टल भी ओपन कर देगी। उच्च शिक्षा विभाग ने भी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी कर दिया है।

यूनिवर्सिटी और कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया 16 जून से चालू हो जाएगी। इसके साथ ही कालेजों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है और शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने भी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश संबंधी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी कर दिया है। यह प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय एवं अशासकीय कालेजों में लागू होगा और प्रवेश के नियम को राजकीय यूनिवर्सिटी तथा संबद्ध शासकीय, अशासकीय कालेजों को कड़ाई से पालन करना होगा। अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्णिश गौतम का कहना है कि शासन के प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुसार यूनिवर्सिटी, कालेजों में 16 जून से नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया चालू हो जाएगा।

## शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कोनी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग आज से

बिलासपुर। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कोनी में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 11 जून से प्रारंभ की जा रही है। 10वीं उत्तीर्ण एवं पीपीटी परीक्षा में शामिल छात्राएं काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होकर प्रवेश प्राप्त कर सकती हैं।

प्रथम चरण की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 11 जून सवेरे 10 बजे से 15 जून रात 11.59 बजे तक करा सकते हैं। मेरिट सूची 16 जून को शाम 5 बजे जारी होगी तथा दावा-आपत्ति 17 जून रात्रि 11.59 बजे तक स्वीकार की जाएगी। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 20 जून सवेरे 10 बजे से 24 जून 2026 शाम 5.30 तक संपन्न होगी। द्वितीय चरण की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 26 जून सवेरे 10 बजे से 30 जून रात्रि 11.59 बजे तक होगा। मेरिट सूची 1 जुलाई को शाम 5 बजे जारी की जाएगी तथा दावा-आपत्ति 2 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 4 जुलाई से 9 जुलाई 2026 तक चलेगी। संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 11 जुलाई सवेरे 10 बजे से 16 जुलाई 2026 रात्रि 11.59 तक कर सकते हैं। इसकी मेरिट सूची 17 जुलाई को शाम 5 बजे जारी होगी।

---

**कर्मचारी संघ ने कहा- राज्य शासन भेदभाव की नीति छोड़े**

# मोदी की गारंटी लागू करने संघ ने किया जंगी प्रदर्शन

**बिलासपुर।** केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं कर्मचारी हितों से संबंधित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय निकाय के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं संबद्ध संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एवं जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता नहीं दिए जाने से राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को आर्थिक नुकसान उठानी पड़ रही है इससे प्रदेश के कर्मचारियों में निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है मांगों के समर्थन में कर्मचारी एवं पदाधिकारी ने कंपोजिट बिल्डिंग के प्रांगण में एकत्रित सभा को संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, प्रदेश समन्वयक जी आर चंद्रा, जिला अध्यक्ष



कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

किशोर शर्मा ने कहा कि वर्ष 2023 के चुनावी जन घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी में दिए गए वादे के अनुरूप शीघ्र निर्णय लेकर उसे क्रियान्वित करें। लंबी अवधि के पश्चात भी वादों को लागू नहीं करने से संघ को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ता है। शासन द्वारा इसी राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवा, बिजली विभाग एवं न्यायिक विभाग के अधिकारियों को महंगाई भत्ता का आदेश जारी कर दिया गया है जबकि राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति यह भेदभाव की नीति सर्वथा अनुचित है। भीषण गर्मी में भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए पुराने कंपोजिट बिल्डिंग से रैली निकाल कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। इसी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ ने भी शिष्यावृती एवं अनुरक्षण मद में वृद्धि करने पृथक से ज्ञापन दिया गया। आज के प्रदर्शन कार्यक्रम में महेंद्र तिवारी, राजेंद्र दवे, हिमाचल साहू, अनिल सिंह, ओम त्रिपाठी, दुर्गेश साहू, प्रवीण यादव, अश्वनी पांडे, अजय धुर्वे, राम कुमार मिश्रा, विजय श्रीवास, शशिकांत सोनी, नंद कुमार साहू, विकास तिवारी, राजेश्वर वस्त्रकार, गोविंद साहू, चंद्र प्रकाश साहू, अशोक बंजारे सोमेश्वर सिंह, चंपा डहर वाल, अभिरंजन मिश्रा, सौरभ दीवान, विनोद तिवारी, अरुण पांडे, कैलाश गजभिए , राम जी ध्रुव ,मनीष तिवारी, अभिषेक तिवारी, मतीना बंजारे, आरती राय, रामबाई चौधरी, पूर्णिमा उपाध्याय, रेणुका बांसियार, इंदु यादव, आरती सिंह, ममता ठाकुर आदि मौजूद थे।

### खारंग विप्र संघ ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण विप्र संघ खारंग परिक्षेत्र की बैठक ग्राम सेलर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पुनर्गठन, सदस्यता विस्तार, युवा सहभागिता तथा संगठनात्मक अनुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के वरिष्ठ सदस्य जगदीश गुरुद्वान, कुशल प्रसाद शर्मा, भागवत प्रसाद तिवारी एवं चंद्रिका प्रसाद तिवारी को संगठन के पुनर्गठन संबंधी प्रस्ताव तैयार करने अधिकृत किया गया। साथ ही वार्षिक सदस्यता अभियान को गति देने के लिए ग्राम भ्रमण कर सदस्यता शुल्क संग्रहित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा विप्र खारंग परिक्षेत्र के बैनर तले संगठन की स्वीकृति के बिना मकर संक्रांति पर्व पर अशोक वाटिका में आयोजित कार्यक्रम को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई। इस विषय पर चर्चा के बाद विप्रजनों ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया। इस संबंध में युवा विप्र खारंग परिक्षेत्र के अध्यक्ष अंकित गौरहा ने कहा कि इस कृत्य से समाज के वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, जिसके चलते बैठक में नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त आयोजन के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में प्रदीप शास्त्री, अर्जुन तिवारी, विरेन्द्र गौरहा, राम अवतार पांडेय आदि मौजूद थे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 11 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 20

**बिलासपुर।** सशस्त्र सीमा बल में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जो उम्मीदवार कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। बता दें, एसएसबी में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर भर्ती ऑफलाइन माध्यम में की जाएगी। कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर कुल 50 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसमें जनरल केटेगरी के उम्मीदवारों के लिए कुल 38 पद, एससी के लिए कुल 8 पद और एसटी के लिए कुल 4 पद आरक्षित किए गए हैं। उम्मीदवारों का चयन फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट, फिजिकल एन्ड्योरेंस टेस्ट, लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन, विस्तृत चिकित्सा परीक्षण, समीक्षा चिकित्सा परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।




### ये अभ्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

एसएसबी में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके साथ ही उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एसएसबी में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को 1 जनवरी, 2026 तक एसएसबी में न्यूनतम 3 वर्षों का कार्यानुभव होना चाहिए।

दिवस

## फादर्स-डे : सुपरडैड के लिए 'कस्टमाइज गिफ्ट्स' की मांग

**बिलासपुर।** फादर्स डे में 11 दिन शेष रह गए हैं। इस दिन को खास और यादगार बनाने के लिए शहर के बाजार सज चुके हैं। हर दुकान और गिफ्ट स्टोर पर पापा के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले तोहफों की भरमार है। बच्चों और युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। वे अपने सुपरडैड के लिए ऐसे गिफ्ट चुन रहे हैं, जो न सिर्फ खूबसूरत हों, बल्कि यादों से भी भरे हों। गिफ्ट शॉप्स में कस्टमाइज आइटम्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। लोग पर्सनल टच देने के लिए गिफ्ट में पापा का नाम, फोटो या कोई खास संदेश छपवा रहे हैं। फोटो एल्बम, पर्स, लग्जरी पेन, कस्टम डायरी, मग, की-चेन, फ्रेम्स और वॉल क्लॉक्स तक को पर्सनलाइज कराया जा रहा है, जिसकी कीमत 500 से 5 हजार रुपए तक है। दुकान संचालक ने बताया कि फादर्स डे को लेकर इस बार कस्टमाइज गिफ्ट की मांग काफी बढ़ गई है।



### कस्टमाइज गिफ्ट्स की बुकिंग जोरों पर

फादर्स-डे को लेकर बाजार में गिफ्ट्स की रौनक देखने को मिल रही है। दुकान संचालक संध्या सुराना ने बताया कि इस बार स्पेशल गिफ्ट हैंपर में इंडियन परफ्यूम की सबसे अधिक डिमांड है। खासकर विलन, बेला विटा, वाइल्ड स्टोन, सिग्नेचर, पार्क अवेन्यू और बियर्डो जैसी ब्रांड्स के परफ्यूम खरीदारों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसके साथ ही पर्स, पेन, मग और ग्रीटिंग कार्ड के भी कई वैरायटी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग अपने पिता के लिए खरीद रहे हैं। फादर्स-डे से कई दिन पहले ही कस्टमाइज गिफ्ट्स की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

स्पोर्ट्स

## हॉकी खिलाड़ी अवी के शहर आगमन पर स्वागत



बिलासपुर। जापान के एशियन गेम में भारत का परचम लहराने वाले शहर के हॉकी खिलाड़ी अवी मानिकपुरी का शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कुदुदंड के रहने वाले अवी ने जापान में आयोजित हॉकी एशिया के एशिया कप अंडर-18 एशियन गेम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत की हॉकी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अवी बिलासपुर के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्लॉडियस के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में बिलासपुर का नाम रोशन किया है। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका स्वागत किया। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अमरजीत सिंह दुआ ने अवी का सम्मान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया के तहत देश के कोने-कोने से खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे लाने का काम किया है। आज खेलो इंडिया के माध्यम से अवी मानिकपुरी ने भोपाल में खेलो इंडिया में प्रशिक्षण लेकर एशियन गेम में भागीदारी निभाई और भारत को बड़ी सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की युवाओं के लिए और देश की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए खेल के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया के माध्यम से गांव-गांव में छुपी हुई प्रतिभाएं और खिलाड़ी निकल कर सामने आ रहे हैं। विभिन्न खेलों में प्रतिभाएं इस खेलो इंडिया के माध्यम से आगे जाकर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर विधायक अमर अग्रवाल भी खेल को बढ़ावा देने काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए काम कर रही है। हमारे लिए आज गौरवशाली दिन है। अवी ने बहुत ही कम उम्र में भारत को एशिया कप में गोल्ड दिलाया है। जिससे शहरवासियों और खेल प्रेमियों में खुशी का वातावरण है। एशियन गेम में भारत को जीत दिलाने वाले कुदुदंड के रहने वाले अवी मानिकपुरी का सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह दुआ, बिलासपुर हॉकी संघ के अध्यक्ष रोहित बाजपेई, प्रदेश हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, कमल जैन सहित अनेक खेल प्रेमी शामिल रहे। रोहित मिश्रा ने कुदुदंड में पड़े-भले, हॉकी खिलाड़ी अवी के संघर्ष की कहानी भी बताई और बचपन से लेकर अब तक की उनकी खेल प्रतिभा की जानकारी दी।

# प्री बीएड व बीएससी नर्सिंग की परीक्षा आज, साढ़े बारह हजार अभ्यर्थी देंगे पेपर

**व्यापमं द्वारा गुरूवार को प्री बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक आयोजित होगी। प्री बीएड प्रवेश परीक्षा जिले के 32 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 10 हजार 600 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2 हजार 369 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में करीब साढे 12 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यापमं ने परीक्षार्थियों के लिए सख्त नियम बनाए हैं, जिसका पालन हर अभ्यर्थी को करना होगा। इसके तहत अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि फ्रिस्किंग एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी




अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर परीक्षा केंद्र आने की सलाह दी गई है। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरा चॉकलेटी रंग के वस्त्र वर्जित रहेंगे। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक धारण करने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के लिए निर्धारित समय से पहले उपस्थित होना होगा। व्यापमं के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल चप्पल पहनकर प्रवेश की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण, मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, स्कार्फ, टोपी ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों के प्रयोग पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है। परीक्षार्थी केवल नीले अथवा काले रंग का बॉल पेन साथ लेकर आएं।



# समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी मंच

## एसईसीएल में आयोजित कैंप का रंगारंग प्रस्तुति के साथ समापन

बच्चों की खिलखिलाहट, रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और उत्साह से सराबोर वातावरण के बीच साऊथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में आयोजित एसईसीएल समर कैंप 2026 का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि हरीश दुहन ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी मंच है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल वसंत विहार में आयोजित समापन समारोह में बच्चों ने योग, नृत्य, संगीत, खेलकूद, कला एवं शिल्प सहित विभिन्न गतिविधियों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर 21 दिनों की अपनी सीख और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन तथा श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन रहीं। इस अवसर पर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, एचआर-जेसीसी प्रतिनिधि, वेलफेयर कमेटी के सदस्य, श्रद्धा महिला मंडल की सदस्याएं, अभिभावक सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 18 मई से 10 जून 2026 तक आयोजित इस 21 दिवसीय समर कैंप में लगभग 175 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार विभिन्न समूहों में विभाजित कर फिटनेस, खेलकूद, योग, संगीत, नृत्य, कला व शिल्प, विज्ञान व नवाचार, सार्वजनिक वक्तत्व, नेतृत्व विकास सहित अन्य शिक्षाप्रद व मनोरंजक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। योग और फिटनेस प्रदर्शन में जहां अनुशासन एवं एकाग्रता की झलक दिखी, वहीं नृत्य, संगीत एवं कला संबंधी प्रस्तुतियों में बच्चों की कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। अभिभावकों ने भी बच्चों में आए सकारात्मक बदलावों और आत्मविश्वास में वृद्धि की सराहना की।

### प्रतिभा को पहचान कर निखारे

मुख्य अतिथि हरीश दुहन ने बच्चों को जीवन में निरंतर सीखते रहने, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एसईसीएल अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

### एक पेड़ मां के नाम लगाए पौधे

समारोह के दौरान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत अतिथियों ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर बच्चों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।



## 11 फीट ऊंचे शिवलिंग 3 फीट जलाधारी की स्थापना

**बिलासपुर।** श्रद्धा, आस्था और भक्ति के प्रतीक भगवान भोलेनाथ की 11 फीट ऊंची शिवलिंग व 3 फीट जलाधारी की भव्य स्थापना न्यू सब्जी मंडी चांटीडीह क्षेत्र में की गई है। आकर्षक विद्युत सज्जा, त्रिशूल एवं रुद्राक्ष माला से सुसज्जित विशाल शिवलिंग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्थापना स्थल पर भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं दीप प्रज्वलन कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की जा रही है।

मुख्य पूजारी पं पूर्णानंद द्विवेदी ने बताया कि विशाल शिवलिंग को उज्जैन से लाकर स्थापित किया गया है,इस शिवलिंग की स्थापना में जितेन्द्र कश्यप परिवार का मुख्य सहयोग रहा है। इस विराट प्रतिमा के स्थापना से यह मार्ग को भक्तों द्वारा नमदेश्वर महादेव धाम के नाम से भी जाना जा रहा है। इस शिवलिंग में जल अर्पित करने के लिए विशेषकर श्रध्दालुओं को दिक्कत ना हो अलग से लोहे का सीढ़ी भी बनाई गई है, जिसमें सुबह-शाम भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर जल अर्पित कर रहे है। रात्रिकालीन रोशनी में सजा यह भव्य शिवलिंग आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इतनी विशाल और आकर्षक शिव प्रतिमा के दर्शन से मन को शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। आयोजन समिति ने बताया कि स्थापना के दौरान विशेष पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और भंडारा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों भक्त स्थापना पूजन में शामिल हुए।

# बच्चों ने किया विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन

अशोक विहार फेस-2 में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिवस कॉलोनी के बच्चों द्वारा विभिन्न विज्ञान मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से निखिल देवांगन कक्षा दसवीं को उनके सौर ऊर्जा मॉडल पर, द्वितीय स्थान शिवम कुमार को नेत्रहीन व्यक्ति के लिए बजर चश्मा, हरिओम गुप्ता कक्षा सातवीं को जल संरक्षण तथा तृतीय स्थान गगन देवांगन को उनके मॉडल घनत्व के सिद्धांत पर दिया गया। इसके अतिरिक्त वीरेंद्र कक्षा नवमीं का इंद्रधनुष, समर कक्षा नवमीं की दूध की शुद्धता मापन तथा आदित्य कक्षा दसवीं के जल को शुद्ध करने की विधि भी सराही गई। मार्गदर्शन शैलेश कुमार पांडेय ने किया।

### सौर ऊर्जा पर छात्र निखिल को मिला पहला पुरस्कार



# बच्चों की पसंद की किताबें, पहाड़ा, पेंसिल की खरीदारी में जुटे पैरेंट्स

**नए शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के लिए जरूरी स्टेशनरी का सामान बाजार में पहुंच गया है। प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के बच्चों को बुक्स सूची के अनुरूप कॉपी, किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके लिए प्राइवेट स्कूल खुद बच्चों को स्टेशनरी उपलब्ध करा रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए उनके पैरेंट्स स्टेशनरी की दुकानों से बजट के हिसाब से कॉपी, किताबें, पेन, पेंसिल खरीदकर दे रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

गौरतलब है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। ऐसे में बच्चों के स्कूल जाने को लेकर पैरेंट्स की तैयारी, स्टेशनरी बाजार में उपलब्ध नए सत्र, सिलेबस की किताबें, कॉपी, पेन, पेंसिल की स्थिति का जायजा लेने शहर के गोलबाजार स्थित स्टेशनरी की दुकानों पर गए। जहां स्टेशनरी दुकानों पर कॉपी, पेन, पहाड़ा, किताबें आदि खरीदारी के लिए बच्चों व उसके पैरेंट्स की भीड़ देखने को मिली।

गोलबाजार के स्टेशनरी व्यापारियों से नर्सरी के बच्चों के लिए उपलब्ध स्टेशनरी सामान व कीमतों के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि हर शैक्षणिक सत्र की तरह इस बार भी नर्सरी सहित दूसरी कक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा मंडल की किताबें व सीबीएसई की किताबें नए कवर पेज तथा सिलेबस के साथ उपलब्ध हैं।

### नए शैक्षणिक सत्र को लेकर स्टेशनरी की दुकानों पर उमड़ रही भीड़



### स्पार्कलिंग कॉपी कलर बुक्स



पिक्चर कवर में स्टार, बैलून, बादल, सूरज, इंद्रधनुष, फ्लॉवर्स, कार, डॉल कार्टून प्रिंट वाली जम्बो स्पार्कलिंग कॉपी कलर बुक्स नर्सरी के बच्चों के लिए दुकान में आई है। सिंगल लाइन, फोर लाइन राइटिंग कॉपी 175 से 300 पेज की 50 से 100 रुपए कीमत तक मिल रही है। इसी तरह के नर्सरी व उसकी समकक्ष कक्षाओं के बच्चों के लिए 100 से 140 रुपए तक कीमत में कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है। पैरेंट्स स्कूलों के अलावा ट्यूशन व होम स्टडी के लिए भी बच्चों को स्टेशनरी किट मुहैया करा रहे हैं।

### स्पेसमैन, डॉल प्रिंटेड पेंसिल बॉक्स

स्टेशनरी की दुकानों पर एक से बढ़कर एक डिजाइनदार पेंसिल व बॉक्स भी उपलब्ध हैं। इसमें स्पेसमैन प्रिंट, मोटू-पतलू, स्पाइडरमैन प्रिंटेड पेंसिल बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहे हैं। शका-लका बूम-बूम की पेंसिल भी बच्चों को लुभा रही है। इस तरह से पेंसिल बॉक्स 40 से 80 रुपए तक में उपलब्ध हैं। वहीं डिजाइनदार पेंसिल प्रति नग 20 रुपए कीमत की है।



### कार्टून शेप में पहाड़ा

रंगबिरंगे कार्टून पिक्चर कवर वाला पहाड़ा व कलर फिल इन नंबर बुक्स बाजार में बच्चों के लिए उपलब्ध हैं, जिससे वे खेल-खेल में कार्टून शेप में वन-टू नंबर्स को देख-लिखकर, रंग भरकर बहुत ही सरल व रचनात्मक तरीके से पहाड़ा तथा गिनती सीख सकेंगे। स्टेशनरी विक्रेताओं ने बताया कि इस तरह के क्रिएटिव कार्टून पिक्चर वाली बुक्स, पहाड़ा बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसकी कीमत 50 से 55 रुपए तक है।



## खबर संक्षेप

### लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला 19 को

**मुंगेली।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 19 जून को जिला रोजगार कार्यालय जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर जमकोर में प्रातः 11 से शाम 3 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीटर टेक्नीशियन के 2 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं ग्रेजुएट अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 90 से अधिक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद के लिए कम्प्यूटर, 12वीं, स्नातक पास योग्यता निर्धारित की गई है।

### दुकान संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रतनपुर भैरवबाबा मंदिर के पास दुकान चलाने वाले के साथ गाली गलौज व मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नूतन कुमार पिता मोहन लाल तंबोली भैरवबाबा मंदिर के पास पूजा सामग्री की दुकान चलाता है। 10 जून की शाम तीन व्यक्ति एक बाइक से वहां आए और अंगूठी खरीदने के नाम पर दुकान में मौजूद हरी तंबोली से बहस करने लगे। बीच में आने पर उन्होंने नूतन कुमार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हरी तंबोली व गजेंद्र धीवर बीच बचाव करने आए तो उन्हें गाली और धमकी देकर बिलासपुर की ओर बाइक से भागने लगे। इस दौरान तीनों में एक को पकड़ लिया गया, जिसका नाम नवीन कुमार बैसवाड़े है। घायल को उसके भाई राकेश तंबोली ने अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 296 351 (3) 115 (2) 118 (1) 3 (5) के तहत अपराध कायम किया है।

## निधन

### नानकी सचदेव

**तखतपुर।** शंकर नगर पड़रिया रोड वार्ड क्रमांक 4 निवासी श्रीमती नानकी देवी सचदेव का 80 वर्ष की आयु में 10 जून को निधन हो गया है। वे दीपक सचदेव की मां, प्रिंस, यश, हर्ष दिलीप, अमित सचदेव की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



### प्रवेश के लिए भटक रहे छात्र, दूसरे विषय का चयन करने हैं मजबूर

# आत्मानन्द स्कूल के कला संकाय में शिक्षक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया




शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लाख दावे किए जा रहे हैं, लेकिन नगर मुख्यालय स्थित पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।

विद्यालय में पिछले लगभग तीन वर्षों से कला संकाय के शिक्षक का अभाव बना हुआ है, जिसके कारण कला विषय को लेकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को 11वीं में प्रवेश नही दिया जा रहा है और उन्हें अन्य संकाय लेकर पढ़ाई करने मजबूर होना पड़ रहा है। अगर मजबूरी में अन्य संकाय लेकर विद्यार्थी अध्यन करता है तो 12 वी कक्षा में उसका परिणाम प्रभावित होगा। साथ ही रुचि अनुसार संकाय नहीं मिलने से उनकी शैक्षिक स्थिति पर प्रभाव पड़ सकता है ।

पालको से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष कक्षा 10वीं उत्तीर्ण कर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं 11वीं में प्रवेश लेना चाहते हैं, लेकिन विद्यालय में कला विषय के शिक्षक नहीं होने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। विद्यार्थियों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन के इस निर्णय से बच्चों को अन्य विषय लेना पड़ रहा है या अन्यत्र ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर पढ़ना पड़ेगा विद्यालय प्रबन्धन के अनुसार पिछले सत्र में आर्ट संकाय के विद्यार्थियों की पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से कराई गई थी। इस वर्ष भी शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के कारण कक्षा 11वीं में आर्ट संकाय में प्रवेश देना संभव नहीं हो पा रहा है। विद्यार्थियों का आरोप है कि जब वे 11वीं में प्रवेश के लिए विद्यालय पहुंचते हैं तो उन्हें आर्ट विषय में शिक्षक नहीं होने की जानकारी देकर किसी अन्य विद्यालय में प्रवेश लेने की सलाह दी जाती है। वहीं बच्चों ने कहा की वह ऑनलाइन पढ़ाई करने को तैयार हैं। छात्रों का कहना है कि जब वे अन्य विषयों में प्रवेश लेने की बात करते हैं तो सीटें खाली नहीं होने का हवाला देकर मना कर दिया जाता है।

### अभिभावकों में रोष

विद्यालय में वर्षों से शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाने को लेकर अभिभावकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि जब शासन शिक्षा सुधार और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन की बात करता है, तब एक महत्वपूर्ण संकाय में शिक्षक का वर्षों तक रिक्त रहना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। अभिभावकों ने जिम्मेदार अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है।

### नहीं मिलेगी उचित शिक्षा

विद्यालय में कला संकाय के शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों को अन्य विषय लेने प्रेरित किया जा रहा है। विषय शिक्षक के अभाव में उन बच्चों उचित शिक्षा नहीं मिल पाएगी।

-सुजीत टंडन, प्राचार्य, पीएमश्री पथरिया

### भेजा गया है पत्र

बच्चों के भविष्य को लेकर शिक्षक की मांग को देखते हुए राज्य को शिक्षक नियुक्ति के लिए पत्र भेजा गया है। साथ ही उक्त विद्यालय के प्राचार्य को इस संबंध में उचित जवाब देने के लिए पत्र जारी किया गया। जवाब पत्र प्राप्त होने पर और कुछ बता पाऊंगा।

-एलपी डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

## भाजपा की सफलता का श्रेय जाता है समर्पित कार्यकर्ताओं को: सावित्री



**सकरी।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रामायण चौक में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन वर्षों में प्रधानमंत्री ने अपनी कथनी और करनी में समानता रखते हुए जनकल्याण, विकास एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण आज देशभर में पार्टी को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को देते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, अश्वनी शर्मा, जिला मंत्री रानू सिदार, मंडल अध्यक्ष गण रवि मेहर, रामकुमार निर्मलकर, नैन लाल साहू, दिनेश साहू, विनोद यादव मंडल महामंत्री द्वय धात्री गुप्ता, तुलसी कौशिक, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, पार्षद दिलीप कोरी, महाबली कोसले, किरण टंडन, भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, रजनीकांत यादव, राजेश देवांगन, सूरज मिश्रा, सोनू पटवा, लक्ष्मीन साहू, गौरी साहू, मंगला पांडेय, विमला साहू, तुलसी साहू, तिलक सूर्यवंशी, जितेंद्र सूर्यवंशी, सुरेश रात्रे, सुरेश यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वच्छता राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार: तोखन

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छ भारत अभियान का आह्वान किया, तब कई लोगों ने इसका उपहास उड़ाया था, लेकिन आज स्वच्छता जन आंदोलन का रूप ले चुकी है और समाज का प्रत्येक वर्ग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है।

### प्रधानमंत्री पर जनता का अटूट विश्वास: धर्मजीत

तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर देश की जनता का अटूट विश्वास है। जब भी प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित में कोई आह्वान किया है, देशवासियों ने उसे पूरे मन से स्वीकार किया है। यही कारण है कि आज भारत विश्व पटल पर नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### ईंटों के नीचे दबे मजदूर को स्थानीय लोगों ने निकाला

## ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, बाल-बाल बचा मजदूर

**तखतपुर।** नगर के नया बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ईंट से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पानी से भरे गड्ढे में फंसकर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रॉली में बैठा एक मजदूर गुनसरी निवासी नाथुराम पिता भुवन लाल कुर्रे ईंटों के नीचे दब गया, जिसे स्थानीय लोगों की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

सुबह 9 बजे ट्रेक्टर से भरी ईंट लोरमी की ओर से आ रही थी जैसे ही ट्रैक्टर नया बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर लंबे समय से बने हुए गहरे गड्ढे में पानी भरा होने के कारण चालक को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग सका। ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और पूरी ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई। ट्रॉली पलटते ही उसमें बैठा मजदूर ईंटों के नीचे दब गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार, राहगीर और स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए ईंटों को हटाकर मजदूर को बाहर निकाला। घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई है, वहां काफी समय से सड़क पर बड़ा गड्ढा बना हुआ है। इसके अलावा पास में बनी नाली का पानी लगातार सड़क पर बहता रहता है, जिससे गड्ढा हमेशा पानी से भरा रहता है। पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति



दिखाई नहीं देती और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने बताया कि वेलकम गेट से नया बस स्टैंड तक नगरपालिका की नाली का पानी निरंतर सड़क पर बह रहा है, जिससे मार्ग पर कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण आज यह गंभीर हादसा हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरेश सिंह, आतमजीत सिंह मक्कड़, पार्षद अंकित अग्रवाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने राहत कार्य में सहयोग किया और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने सड़क की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

### सलगी से औरापानी सड़क के लिए कार्यादेश जारी

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अनुशंसा पर वनांचल के महत्वपूर्ण सड़क जनमन योजना से सलगी से औरापानी लम्बाई 12 किमी लागत 11 करोड़ 39 लाख की निविदा स्वीकृति कर कार्य आदेश जारी किया गया हैं। जानकारी के अनुसार वनांचल का महत्वपूर्ण सड़क ग्राम सलगी से औरापानी तक पीएम जनमन योजना से निविदा स्वीकृत के पश्चात सम्बंधित ठेकेदार को कार्य आदेश जारी कर दिया गया। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि लंबे समय से ग्रामीणों उक्त सड़क की मजबूतीकरण की मांग की थी। जिसको संज्ञान में लेकर उक्त विभाग को मांग पत्र जारी किए थे। जनमन योजना अंतर्गत 12 किलोमीटर की बनने वाली सड़क के लिए 11 करोड़ 39 लाख का निविदा पश्चात रॉयल लैंड मार्क इंजियर फर्म को कार्यादेश जारी किया गया है।

## कुटेलाधाम में भाजपा के अभियान का शुभारंभ




**मस्तूरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 5 से 21 जून तक चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के कुटेला धाम में द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश सूर्या शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा है, जिससे आमजन के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आया है। कार्यक्रम में हेमंत नवरंगे, दुबई सुरेश बंजारे, सुखराम खूंटे, सत्या राय, विमल कांत, कवेंद्र गंधर्व, राजेंद्र कुर्रे, अशोक सोनी, सुभाष टंडन, भागवत दीवान, मलिक दास दीवान, साधराम दिवाकर, शैलेंद्र घृतलहरे, द्वारिका प्रसाद, धीरज, शंभू लाल, सोनू खूंटे राजू घृतलहरे, नवीन घोष, मंगल खूंटे, खेलूं घृतलहरे, जीवन घृतलहरे, रत्नूराम, जगदीश कुर्रे, सहित मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खेल परिसर में 359 लाख की लागत से बनेगा बालक छात्रावास

**बिलासपुर।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के पहल पर क्षेत्र के खेल एवं शिक्षा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। साय सरकार ने बिलासपुर खेल परिसर में बालक छात्रावास निर्माण हेतु 358. 90 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। जिसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है जो शीघ्र ही मूर्तरूप लेते हुए दिखाई देगी।



■ बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की पहल को मिली सफलता

इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा उन्हें खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। इस स्वीकृति के लिए क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा लगातार प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण मंजूरी प्राप्त हुई है। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा हमारा उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को बेहतर संसाधन और अवसर उपलब्ध कराना है। खेल परिसर में बालक छात्रावास बनने से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इससे खेल प्रतिभाओं को निखारने और क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने में मदद मिलेगी। आगे भी क्षेत्र के विकास और युवाओं के हित में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा आने वाले समय में खेल अधोसंरचना को और सशक्त बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।



## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का नक्शा वितरित

**लोरमी।** नगर पालिका परिषद में आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जायसवाल एवं सभापति प्रतिनिधि पूर्णिमा घनश्याम यादव द्वारा अलग अलग वार्डो के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का 2.0 का नक्शा का वितरण किया गया। जिससे पात्र हितग्राहियों को अपना आशियाना बनाने में सरलता होगी। प्रधान मंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना है जिसका लाभ हित ग्राहियों को मिल रहा है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हनुमान चालीसा पाठ, स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण



**लोरमी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी की ग्राम डिंडोरी एवं बोडतरा कला मंडल द्वारा विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रामुनगर स्थित मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। गोंडखाम्ही मंडल के अंतर्गत ग्राम बोडतरा कला में स्वच्छता अभियान, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा. भूपेंद्र सिंह विक्रम सिंह, विनय साहू, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, राजेंद्र साहू, अनीता साहू, राजेंद्र साहू, अशोक सिन्द्राम, कुलेश्वर साहू, जन्मेजय जायसवाल, राजेंद्र केशरवानी, उमेश लोनिया, शीतला जायसवाल, नारायण जायसवाल, रघुवीर साहू, उत्तम लोनिया, राजाराम साहू, कमल साहू, मीडिया प्रभारी अशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार कि ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह सूचना देता हूँमौजा कोनी पटवारी हल्का नंबर 17, तहसील व जिला बिलासपुर (छ ग) में स्तिथ भूमि खसरा नंबर 227/71 कुल रकबा 2521.12 वर्ग फुट है जो कि राजस्व अभिलेखों मे श्री उमेश चन्द्र मेहर पिता श्री चन्द्रशेखर मेहर के नाम पर दर्ज है उपरोक्त भूमि का पूर्व विक्रय पत्र जो कि विक्रेता श्री रामायण लाल पाण्डेय व क्रेता राजकारण गर्ग के मध्य उप पंजीयक बिलासपुर के कार्यालय मे दिनांक 25.06.2003को दस्तावेज़ क्रमांक 2449के रूप मे दर्ज है । उक्त मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र घर कि साफ सफाई के दौरान कही गुम हो गई है उक्त भूमि निकट भविष्य में बैंक ऑफ बरोडा में बंधक होना है इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति संस्था बैंक या गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर निम्न लिखित पते पर दर्ज करा सकते है उसके पस्चात की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी

दिनाँक 09.06.2026

**अशोक दुबे**
**" अधिवक्ता"**
**एल आई जी-66, नेहरू नगर, बिलासपुर (छ ग)**
**मोबाइल नंबर 9425543073**

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना देता हूं की मेरे पक्षकार श्री महेंद्र कुमार केशरवनी पिता ओमप्रकाश केशरवानी निवासी मकान न. 181माताचौरा कुडूदंड बिलासपुर तहसील/जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा भूमि स्थित ग्राम अमेरी प. ह. न. 00043 रा.नि.म. सकरी खसरा न. 466/12 रकबा 2100 वर्गफूट भूमि तहसील सकरी जिला बिलासपुर जो की राजस्व अभिलेख में दिनेश कुमार पिता अंतु राम निवासी पांड तहसील तखतपुर व जिला बिलासपुर के नाम पर दर्ज है का पक्का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है जिसका निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीयन कराया जाना है ।

अतः किसी व्यक्ति वरीशान शशकीय व अर्धशासकीय बैंक व संस्थान को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी दावा आपत्ति अधिवक्ता या आम मुख्तियार के माध्यम से पेश कर सकते है 7 दिवस के उपरांत दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक - 11/6/26

**भवदीय**
**अधिवक्ता सौरभ सिंह ठाकुर**
**मो. न. 8103111850,9589798272**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह./वा./20... बिलासपुर
दिनांक 08/06/20.26
/ब-121/2025-26 रा.प्र.क.
ग्राम तोरवा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा प.ह.न. 37 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामगोपाल चौकसे पिता छेदीलाल चौकसे निवासी गुरूनानक चौक तोरवा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ. ग. के द्वारा मौजा तोरवा प.ह.न.37 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 482/4 रकबा 0.0160 हे. एवं खसरा नंबर 482/5 रकबा 0.0050हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में आवेदक के नाम पर दर्ज चले आ रहा है। किन्तु वर्तमान में ऑनलाईन बी-खसरा में उक्त भूमि पर आपत्ति दर्ज दिखाया जा रहा है जिसे निरस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/06/2026 को 11.00 बजे दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा नं. 194/1/ज, प.ह.नं. 07, ग्राम कोटा, रा.नि. कोटा, तह. कोटा, जिला बिलासपुर, छ.ग. पिन कोड नं. 595113, में स्थित भूमि जिसका कि रकबा 1116 वर्गफुट है, जोकि नगर पंचायत कोटा के वार्ड क्र. 04, मोतीलाल वार्ड में कोटा बेलगहना मार्ग में मुख्य सड़क से लगकर है। मेरे स्वत्व व स्वामित्व की भूमि है। जिसे मेरे द्वारा तत्कालीन भूस्वामी संतोष कुमार नवरत्न, आधार नं. 708152067509 पिता स्व. श्री महेन्द्र लाल नवरत्न, निवासी तालापारा, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. से विधिवत रुप से सम्पूर्ण विक्रय मूल्य अदा कर दिनांक 16/01/2024 को बैनामा/विक्रय पत्र रजिस्ट्री कराकर क्रय किया था। जिसका ई-पंजीयन आई-डी नं CG4808216012024023 है।

मुझे ज्ञात हुआ है कि कुछ लोगो द्वारा जालसाजी व छलपूर्वक फर्जी दस्तावेजों के द्वारा उपरोक्त भूखण्ड को अपना बताकर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः यह आम सूचना के द्वारा सूचित किया जा रहा है कि कृपया मेरे उपरोक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार, सौदा, एग्रीमेंट या एडवांस किसी से किया जाता है, तो वह अवैधानिक होगा व शून्य माना जायेगा, एवं उनके नुकसान के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जाने।

सूचनादाता
राजकुमार अग्रवाल
पिता स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल
निवासी- विद्या नगर, बिलासपुर छ.ग.
मो. 9827404255

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00036 जूनाबिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526400108400352

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम जूनाबिलासपुर के वर्तमान भूमि स्वामी गिरधारी लाल चौहान पिता/पति-पिता कृपाराम चौहान पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 380/23(0.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मनीष वर्मा पिता/पति-स्व महेश कुमार वर्मा पता-खपरगंज के नाम पर पंजीयन /फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार: Prakash Chand Sahu**
**तहसील-बिलासपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र. /क/रा.नि./2026 जूना बिलासपुर
दिनांक 6/6/2026

प्रति,
(1) सुनील भरोस (2) आशावन (3) नितिन मसीह (4) मधुबाला (5) नीरज भरोस।
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

आवेदक सुनील भरोस निवासी महाराणा प्रताप चौक के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 139/14 रकबा 872 वर्ग. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19/6/26 को समय 11.5 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:-1- आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने के लिए आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें।
2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र. /क/रा.नि./2026 जूना बिलासपुर
दिनांक 6/6/2026

प्रति,
(1) नीरज भरोस (2) कुमुदनी (3) भारखा मसीह (4) सुनील भरोस अन्य संबंधित हितबद्ध पक्षकार।
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

आवेदक नीरज भरोस निवासी महाराणा प्रताप चौक के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 139/13 रकबा 107639 वर्गफु. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19/06/26 को समय 11.5 pm बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:-1- आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने के लिए आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें।
2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

मैं व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता अपने आसामी संतोष पिता स्व. तिहारू, निवासी ग्राम सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देश अनुरूप निम्न आम सूचना का प्रकाशन सर्वसाधारण शासकीय निकाय एवं संबंधित के विरूद्ध निम्न आम सूचना का प्रकाशन कराता हूँ-

1. यह कि मेरे आसामी के स्वत्व स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि मौजा सकरी महल नंबर 01 के अंतर्गत खसरा नंबर 102/2 रकबा 0.1483 हे., खसरा नंबर 67/3 रकबा 0.1730 हे., खसरा नंबर 69/4 रकबा 0.0640 हे., खसरा नंबर 69/6 रकबा 0.0720 हे., खसरा नंबर 86/9 रकबा 0.0525 हे. भूमि स्थित भूमि है जिस पर अंकित मिश्रा पिता विजय मिश्रा एवं संदीप मिश्रा पिता बालेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम हांफा तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा एक अनुबंध आज से तीन वर्ष पूर्व कराया गया था जमीन खरीदी ब्रिकी का किंतु उनके द्वारा आज तक संबंधित भूमि का पंजीयन नही कराया गया है इसलिये चूंकि उनके द्वारा संविदा भंग कर दिया गया है ऐसी स्थिति मे मेरा आसामी उक्त भूमि अपने आवश्यकता इच्छा अनुरूप अलग अन्यत्र बय बिकी उपयोग के लिये स्वतंत्र है क्योंकि मेरे आसामी के पिता तिहारू की मृत्यु हो चुकी है। उपरोक्त परिस्थिति के कारण यदि कोई भी व्यक्ति या पक्षकार अंकित एवं संदीप मिश्रा से किसी प्रकार का लेनदेन इस भूमि के संबंध मे मेरे आसामी के बिना जानकारी के किया हो तो समस्त जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी।

अतः उपरोक्त परिस्थिति के कारण आम सूचना पेपर प्रकाशन के माध्यम से जानें।

दिनांक- 10/06/2026

**भवदीय**
**व्ही.पी. गुप्ता**
**अधिवक्ता**
**कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं.-9826500701,9201711792**

### आम सूचना

मैं व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता अपने आसामी रमन पिता स्व. वेदप्रसाद निवासी ग्राम सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देश अनुरूप निम्न आम सूचना का प्रकाशन सर्वसाधारण शासकीय निकाय एवं संबंधित के विरूद्ध निम्न

आम सूचना का प्रकाशन कराता हूँ-

1. यह कि मेरे आसामी के स्वत्व स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि मौजा सकरी महल नंबर 01 के अंतर्गत खसरा नंबर 124/2 रकबा 0. 2085 हे., खसरा नंबर 102/1 रकबा 0.1484 हे. खसरा नंबर 67/2 रकबा 0.1730 हे. खसरा नंबर 69/1 रकबा 0.0640 हे. खसरा नंबर 69/2 रकबा 0.0720 हे. खसरा नंबर 86/5 रकबा 0.0570 हे. स्थित भूमि है जिस पर अंकित मिश्रा पिता विजय मिश्रा एवं संदीप मिश्रा पिता बालेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम हांफा तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा एक अनुबंध आज से तीन वर्ष पूर्व कराया गया था जमीन खरीदी ब्रिकी का किंतु उनके द्वारा आज तक संबंधित भूमि का पंजीयन नही कराया गया है इसलिये चूंकि उनके द्वारा संविदा भंग कर दिया गया है ऐसी स्थिति मे मेरा आसामी उक्त भूमि अपने आवश्यकता इच्छा अनुरूप अलग अन्यत्र बय ब्रिकी उपयोग के लिये स्वतंत्र है क्योंकि मेरे आसामी के पिता वेदप्रसाद की मृत्यु हो चुकी है। उपरोक्त परिस्थिति के कारण यदि कोई भी व्यक्ति या पक्षकार अंकित एवं संदीप मिश्रा से किसी प्रकार का लेनदेन इस भूमि के संबंध मे मेरे आसामी के बिना जानकारी के किया हो तो समस्त जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी।

अतः उपरोक्त परिस्थिति के कारण आम सूचना पेपर प्रकाशन के माध्यम से जानें।

दिनांक- 10/06/2026

**भवदीय**
**व्ही.पी. गुप्ता**
**अधिवक्ता**
**कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं.-9826500701,9201711792**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया गया



**लोरमी।** धरती आबा क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस ग्राम खेकतरा प्लाट में मनाया गया। वक्ताओं द्वारा क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के संघर्षों को याद किया गया। उनके द्वारा किए गए त्याग संघर्ष को अविस्मरणीय बताया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रिटायर्ड इंजीनियर टीआर धुव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी ध्रुव, जिला अध्यक्ष चन्द्रु ध्रुव, सूरज कोल, देवा मार्को, भुनेश्वर ध्रुव, भागवत ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, रामनारायण ध्रुव, योगेश्वर ध्रुव, सोनी ध्रुव, लालू ध्रुव, जगतसिंह नेटी, इतवारी ध्रुव, विजय ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### विजयपुर किला मंदिर समिति के अध्यक्ष बने गौरहा



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ का एक गढ़ विजयपुर पुरातत्व विभाग के द्वारा पहले से ही चयनित है। अब इस मंदिर और मंदिर परिसर को नई पहचान देने के लिए समिति के द्वारा कार्य किया जाएगा और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ शासन से सहयोग लेकर मंदिर के आस पास क्षेत्र को जीर्णोद्धार किया जाएगा। उक्त बातें अध्यक्ष दिनेश गौरहा ने कहीं। विजयपुर किला मंदिर समिति का गठन चुनाव प्रभारी दरबारी यादव की अध्यक्षता में ट्रस्ट समिति के नए सदस्यों का चयन सर्वसम्मिति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष दिनेश गौरहा, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, उपाध्यक्ष गोविंद साहू, दिनेश साहू, भगवती कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, सचिव ज्ञानी ध्रुव, सहसचिव गुलाब मिरी, कार्यकारी सदस्य दरबारी यादव, अश्वनी शर्मा, नितेश पाठक, बाल गोविंद प्रधान, दरबारी यादव रबेली, दाऊराम नेती, संतोष पाल, गनपत रजक, प्यारे लाल साहू, मनीष रजक, अभिमन्यू दुबे, मालिक यादव, सरजू निषाद, केशव गुप्ता, सरंक्षक केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद सदस्य सावित्री भारत मरकाम, सरपंच रामकुमार यादव, कुंजराम पाल, गणेश यादव होंगे।

### किसान ने अधिकारियों को दी आत्मदाह की चेतावनी



**सकरी।** ग्राम संबलपुरी के एक किसान ने सुशासन शिविर में पहुंचकर प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर उसकी जमीन का सीमांकन नहीं किया गया और कथित रूप से रिश्वत मांगने वाले राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आत्मदाह करने को मजबूर होगा। किसान गौरीशंकर सूर्यवंशी का आरोप है कि उसने अपनी जमीन के सीमांकन के लिए कई बार राजस्व निरीक्षक से संपर्क किया, लेकिन हर बार उसे काम की व्यस्तता का हवाला देकर टाल दिया गया। आवेदन में किसान ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि लगातार चक्कर लगवाने के बाद उससे सीमांकन के एवज में 15 हजार रुपये की मांग की गई। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राशि देने में असमर्थता जताने पर उसका काम जानबूझकर लटकाया गया। किसान ने बताया कि उसने मामले की शिकायत संभाग आयुक्त,कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों से अप्रैल माह में ही कर दी थी। शिकायत में सीमांकन कराने और कथित रूप से रिश्वत मांगने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी न तो सीमांकन हुआ और न ही किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई दिखाई दी। किसान ने अपने आवेदन में लिखा है कि यदि 15 दिनों के भीतर उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आत्मदाह करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन और राजस्व विभाग की होगी।

### पात्र हितग्राहियों को समय पर पहुंचाएं योजनाओं का लाभ



**मुंगेली।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं पुनरीक्षा समिति की बैठक लेकर विभिन्न बैंकिंग एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के लिए बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

## मामले में मास्टरमाइंड सहित चार आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

# प्रदीप सोनी हत्याकांडः मुख्य शूटर सहित फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले के बहुचर्चित सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी हत्याकांड मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर सहित तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल मास्टरमाइंड सहित चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

■ घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक व कार जब्त

सभी सात आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार, लूटा गया सोना-चांदी, वाहन और अन्य सामग्री भी बरामद की है।

मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अविनाश मिश्रा ने बताया कि सर्राफा व्यापरी प्रदीप सोनी की हत्या के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई विशेष टीमों का गठन किया था। तकनीकी साक्ष्यों, साइबर सेल की मदद और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए लगातार जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर अंतरराज्यीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले से ही सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी की गतिविधियों की रेकी की थी। वारदात को अंजाम देने के लिए स्थानीय स्तर पर भी सहयोग लिया गया था। घटना वाले दिन आरोपी कोटमीकला साप्ताहिक हाट बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदीप सोनी के पास मौजूद सोना-चांदी से भरे बैग को लूटने का प्रयास किया। जब प्रदीप सोनी ने आरोपियों का विरोध किया और बैग देने से इंकार कर दिया, तब मुख्य आरोपी मनीष मंडल उर्फ राहुल ने अवैध हथियार से उन पर गोली चला दी। गोली लगने से प्रदीप सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी मनीष मंडल उर्फ राहुल तथा सुजीत उर्फ राजू दास को बिहार के बांका जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरे आरोपी संतोष दास को झारखंड के गोड्डा जिले से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार यही आरोपी वारदात को अंजाम देने में सीधे तौर पर शामिल थे। इससे पहले मामले में रेकी करने और अन्य प्रकार से सहयोग करने वाले स्थानीय आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका था। इस प्रकार इस हत्याकांड में शामिल सभी सात आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में हैं।






मामले का खुलासा करते एएसपी अविनाश मिश्रा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। आरोपियों से जब्त बाइक व कार।

## बिटकुला के समीप रेलवे ट्रेक के पास नाले के पास से आभूषण बरामद





### बिहार-झारखंड से पकड़े गए



आरोपी राहुल को जिला बांका (बिहार) से, आरोपी राजू को कठचातर, रजौन बिहार से, और आरोपी संतोष दास को जिला गोड्डा (झारखण्ड) से पकड़ा गया है। आरोपी राहुल के कब्जे से लूट के आभूषण के कुछ मात्रा और अन्य सामग्री आरोपी संतोष कुमार दास के कब्जे से एक नग कट्टा, एक जिंदा कारतूस और अन्य सामग्री और आरोपी राजू के कब्जे से घटना के समय प्रयुक्त कीपेड मोबाईल को जप्त किया गया है। घटना में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बरामद सामाग्री

- घटना में प्रयुक्त 2 नग देसी कट्टा, 4 नग जिंदा कारतूस और एक खोखा।
- लूटे गए आभूषण सोना कुल 40 ग्राम, चांदी 4 किलो 480 ग्राम।
- घटना में प्रयुक्त मोबाइल- 7 नग।
- घटना में प्रयुक्त बाइक – 2 नग।
- घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार- 1 नग।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मुख्य आरोपी खुशीराम साहू निवासी बिटकुला थाना सीपत जिला बिलासपुर ने बिहार, झारखण्ड राज्य के अपने परिचित राहुल उर्फ मनीष मंडल, राजू उर्फ सरगुन उर्फ सुजीत, संतोष कुमार दास और अपने भतीजे राजाराम साहू के साथ मिलकर साप्ताहिक हाट बाजार में सोना-चांदी के व्यापारियों की जानकारी एक्रित्र कर लूट की घटनाकारित किया जाना स्वीकार किया है। घटना के पूर्व 23 मई को आरोपी राहुल उर्फ मनीष मंडल अपने साथी राजू उर्फ सरगुन उर्फ सुजीत, संतोष कुमार दास के साथ खुशीराम साहू के घर बिटकुला पहुंचा था। जहां आरोपियों ने घटना की विस्तृत योजना बनाकर चौकी कोटमीकला क्षेत्र के देवरीखुर्द स्थित गया प्रसाद रजक के घर 26 मई को पहुंचे तथा कोटमी बाजार में ज्वेलरी व्यापारी की गतिविधियों पर नजर रखी। 26 मई को शाम करीब 7 बजे ज्वेलरी व्यापारी प्रदीप सोनी से सोना-चांदी से भरा बैग लूटने का प्रयास किया जिसका विरोध करने पर राहुल उर्फ मनीष मंडल के द्वारा व्यापारी प्रदीप सोनी की हत्या अवैध हथियार से गोली चलाकर कर दिया था और अपने साथियों के साथ मिलकर प्रदीप सोनी से सोना चांदी लूटकर सभी फरार हो गये थे। ज्वेलरी व्यापारी प्रदीप सोनी घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिनको कोटमीकला चौकी की पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया था।

### गिरफ्तार आरोपी

- खुशीराम साहू पिता जगन्नाथ प्रसाद साहू निवासी बिटकुला थाना सीपत जिला-बिलासपुर (छग)
- राजाराम साहू पिता स्व. मूलचंद साहू निवासी बिटकुला थाना सीपत जिला-बिलासपुर (छग)
- गया प्रसाद रजक पिता स्व0 आयोध्या राम रजक निवासी करौंदानार देवरीखुर्द चौकी कोटमीकला थाना पेण्ड्रा जिला जीपीएम (छग)
- मनीष मंडल उर्फ राहुल पिता बतेश्वर मंडल निवासी विजयनगर थाना और जिला बांका (बिहार) (जिला बांका राज्य बिहार में पूर्व में घटित लूट, चोरी के कुल 5 मामलों का आरोपी)
- सुजीत कुमार उर्फ सरगुन कुमार उर्फ राजू दास पिता अशोक दास निवासी कठचातर थारा रजौन जिला बांका, (बिहार) (जिला बांका एवं जिला गोड्डा राज्य बिहार में पूर्व में घटित लूट, चोरी के कुल 9 मामलों का आरोपी)
- संतोष कुमार दास पिता बाबूलाल रविदास निवासी कोरियाना थाना और जिला गोड्डा (झारखण्ड) (जिला कोडरामा एवं जिला गोड्डा राज्य बिहार में पूर्व में घटित लूट, चोरी के कुल 5 मामलों का आरोपी)
- श्रेयांश शुक्ला पिता स्व0 सुनील कुमार शुक्ला निवासी बलौदा, थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

### पुलिस टीम का होगा सम्मान

पेंड्रा के चर्चित सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया जाएगा। बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम के लिए एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। गौरतलब है कि प्रदीप सोनी हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस टीम को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

## समस्याओं का त्वरित समाधान ही वास्तविक सुशासनः मोहले



**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित सतनाम भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर में विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को आमजनों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। शिविर में नुक्कड़-नाटक के माध्यम से स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही वास्तविक सुशासन है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ई-केवाईसी कराने पर जोर दिया तथा बिजली चोरी पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में कलेक्टर कुन्दन कुमार, एसडीएम अजय शतरंज, सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, तहसीलदार कुनाल पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी, जननप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने दिया जनसेवा का अवसरः मरपच्ची



**पेंड्रा।** सुशासन तिहार के आखिरी दिन बुधवार को मरवाही विकासखण्ड के कलस्टर ग्राम पंचायत चर्चेड़ी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने शामिल होकर विभिन्न मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में विधायक प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में उपस्थित हुए। शिविर के मुख्य अतिथि विधायक प्रणव मरपची ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के माध्यम से जनसेवा का अवसर दिया। चर्चेड़ी में आयोजित शिविर सुशासन तिहार का आखिरी शिविर रहा। यहां भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाया। जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिला पंचायत सदस्य बूंदकुंवर मास्को एवं राजेश नंदनी आर्मो और जनपद अध्यक्ष जानकी कुशरो ने भी शिविर को संबोधित किया। शिविर में विधायक, कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत 471 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 150 हितग्राहियों को वन अधिकार पटटा, 49 हितग्राहियों को आबादी पटटा, 28 हितग्राहियों को किसान किताब, 120 हितग्राहियों को वोटर आईडी और 2 कोटवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेः माधवी



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें और सुशासन तिहार एक सशक्त माध्यम है जहां सरकार और उसकी योजनाएं गांव गांव तक शिविर लगाकर पहुंचाई जा रही है उक्त बातें जनपद अध्यक्ष डा. माधवी संतोष वस्त्रकार ने ग्राम बोड़सरा में आयोजित सुशासन तिहार में कही। आगे उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा से ग्रामीण स्तर पर अपनी योजनाएं बनाकर उसे क्रियान्वित करती है और उन योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाए इसके लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने भी शासन द्वारा दी जा रही लाभ कारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम पंचायत बोड़सरा में राशनकार्ड 11, पेंशन स्वीकृति हेतु पात्र 5, मनरेगा जॉब कार्ड 5, आयुष्मान कार्ड 9, लर्निंग ड्राईविंग लाइसेंस 33, बी.पी., सुगर जांच 127, सिकल सेल जांच 113, स्वास्थ्य परीक्षण 356, आवास स्वीकृति 5, चेक वितरण 14 समूह 51 लाख, अन्न प्रासन 4, गोद भराई 4, चेक वितरण -01, 20 हजार, विद्या आरंभ 5, सुपोषण कीट - 4, कुल 624 मांग प्राप्त हुए। इस अवसर पर ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, जिला पंचायत सदस्य अम्बिका साहू, रंजना तुलसी कौशिक, दिलीप ध्रुव, सरपंच मनीष कौशिक, राधिका कौशिक, रोशनी मानिकपुरी, जगत राम साहू, योगेश साहू, रामकुमार निर्मलकर, सीईओं सत्यव्रत तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

# आधे घंटे की झमाझम बारिश से बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से बुधवार को थोड़ी राहत मिली। मौसम का मिजाज बदलने से दिन में बादलों की आवाजाही लगी रही। शाम 4 बजे आंधी के साथ बारिश शुरू हुई, जो लगभग आधे घंटे तक बरसती रही। तेज बारिश ने पूरे क्षेत्र को भिगो दिया। अचानक हुई बारिश से लोग एक ओर जहां पर जगह मिले वही पर रूक गये। मानसून के पूर्व हुई बारिश के बाद मानसून का आगमन की आशंका बताई जा रही है।

आज आधे घंटे हुई बारिश ने भीषण गर्मी और तपिश से झुलस रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। बुधवार को सुबह से खिली चटख धूप और करीब 44 डिग्री तापमान के बीच दोहपर बाद अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद करीब आधा घंटा तक तेज बारिश होने से लोगों को मानो अमृत मिल गया हो। बीते कई दिनो से भीषण गर्मी और आग उगलते सूरज



की जलन से लोग हलाकान थे। इस साल मई के अंतिम सप्ताह से पड़ रही गर्मी में हालात इतने बदतर हो चले हैं कि सुबह भोर फटते ही लोगों को आग उगलते भगवान भास्कर की मार झेलनी पड़ रही है। जिसके चलते दोपहर होते ही लोग अपने घरों में कैद हो रहे है और शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। गर्मी और धूप से बचने के तमाम उपायों के बावजूद न तो दिन को चैन मिल पा रहा है और न ही रात में आराम।

### ग्रीष्म की उल्टी गिनती शुरू

ठंडी हवाओं का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों को बुधवार को मौसम ने भरपूर सुकून पहुंचाया है। हालांकि यह क्षणिक सुकून या फिर मानसून की आहट कुछ कहा नहीं जाता। लेकिन जानकारों की माने तो यह फिलहाल क्षणिक सुकून ही है। हालांकि जानकार यह भी मान रहे है कि जिस ढंग से अंचल के मौसम में बदलाव देखे गए हैं उससे साफ कि अब ग्रीष्म ऋतु की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और अब जल्द ही लोगों को भीषण गर्मी से मुक्ति मिल सकती है। गर्म हवाओं के प्रभाव से पूरा जिला झुलस रहा है। अनुकूल स्थिति बनने से कुछ दिनों पूर्व प्री-मानसूनी बारिश की उम्मीद लगाई जा रही थी।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमितता पर होगी एफआईआर

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक लेकर मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि दोषी पाए जाने पर एफआईआर तक दर्ज की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी पात्र परिवारों तक पेयजल पहुंच सुनिश्चित करने और प्रमाणीकरण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जल प्रदाय पूर्णता के प्रमाण-पत्र संबंधित ग्रामों से प्राप्त किए जाएं। भविष्य में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर संबंधित इंजीनियरों की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने पर तीनों अनुविभागों के एसडीओ एवं इंजीनियरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एम वी एस में बिना सहमति पाइपलाइन बिछाने एवं भुगतान संबंधी शिकायतों की जांच के लिए समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

खबर संक्षेप

## शराब पिलाने के बाद युवक पर चाकू से हमला




**बिलासपुर।** घर से युवक को बुलाकर पहले छककर शराब पिलाई और उसके बाद मारपीट कर चाकू से हमला कर दिय। युवक के सीने व हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा अभिलाषा परिसर ईडब्ल्युएस कालोनी निवासी उमेश सोनवानी पिता बरन सोनवानी लॉयन सर्विस में ठेकेदार के अंदर काम करता है। 9 जून को उसे फोन कर साथ में काम करने वाला हर्ष व्यास ने शराब पीने के लिए सेक्टर डी तिफरा में बुलाया। दोनों ने साथ में बैठकर शराब पी। उसके बाद हर्ष व्यास ने तुम किसी औरत का पैसा निकलवाने आफिस गए थे कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसेके सीने व हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने उमेश सोनवानी की रिपोर्ट पर हमलावर हर्ष व्यास के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## पैसा मांगने युवक के सीने में अड़ाया चाकू

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस के अनुसार मोपका आर्दश नगर निवासी संदीप खरे पिता दुजराम खरे 8 जून को राजकिशोरनगर दारूभठ्ठी शराब पीने गया था। इसी दौरान मोनू गंधर्व, मनीष पटेल उसके पास आए और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर उसके सीने पर चाकू अड़ा दिया। रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उसके बाद नितिश स्वर्णकार के साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने संदीप खरे की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा

**बिलासपुर।** पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सशक्त एवं विकासोन्मुख बनाने के उद्देश्य से आज क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण-सह-समीक्षा बैठक में पंचायत विकास योजना एवं पंचायत उन्नति सूचकांक के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की ।बैठक के दौरान ग्राम पंचायतों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के निर्माण, प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न मानकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि पंचायत विकास योजना के माध्यम से ग्राम स्तर पर आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी एवं परिणाममूलक बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसएलडब्ल्यूएम 2026 नियमों के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक के अंत में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा ग्राम विकास एवं पंचायत सशक्तिकरण से संबंधित सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के संशोधित मॉडल आंसर जारी

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के संशोधित मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट eklavya.cg.nic.in/ पर देख सकते हैं। पूर्व में प्रयास आवासीय विद्यालयों के मॉडल उत्तर 20 मई को जारी किए गए थे। जिसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण उपरांत संशोधित मॉडल उत्तर जारी किए गए हैं।

# तेज हवाओं से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोपहर को तेज हवाओं और हल्की सी बारिश में उड़ी शहरी और ग्रामीण इलाकों की बिजली व्यवस्था रात तक सुधर नहीं सकी। बिजली विभाग के अफसर शहर के कई इलाकों में घंटो बाद भी बिजली चालू नहीं करा सके, हजारों घरों में रहने वाले लोग पसीना बहाते रहे। बिजली नहीं होने से शहरी और ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए भी हाहाकार मचा रहा।

तेज हवाओं के साथ हल्की सी बारिश ने विद्युत वितरण विभाग के मेंटेंनेंस की पोल खोलकर रख दी। हवा के कारण सड़कों के किनारे सैकड़ों पेड़ टूटकर गिर गए, इससे बिजली के तार टूट गए, कई स्थानों पर खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए। शहर के मुख्य क्षेत्र सरकंडा, सरजू बगीचा, गोड़पारा, गोल बाजार, सदरबाजार, चांटापारा, राजेन्द्र नगर, सत्यम चौक, लिंक रोड, अग्रसेन चौक, तालापारा, मगरपारा, जरहाभाठा, मसानगंज, तेलीपारा सहित तोरवा के



साथ रेलवे क्षेत्रों की कालोनी में पेड़ गिरने के कारण बिजली तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई। कुछ देर बाद जोन के जूनियर इंजीनियर और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की टीम ने शहर और ग्रामीण एरिया में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना शुरु किया। वहीं देर रात तक 27 खोली, मसानगंज, सकरी क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में बिजली चालू नहीं हो सकी थी।

### 33 केवी में गिरे थे पेड़

तेज हवाओं के कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में पेड़ और उसकी डंगाल 33 केवी लाइन के बिजली के तार पर गिरने के साथ पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। तत्काल इंजीनियर और स्टाफ को गाड़ी लेकर रवाना होने का आदेश दिया गया। कई स्थानों में काफी दिक्कतें हुई, लेकिन रात तक बिजली को चालू कर दिया गया।

-श्रीनिवास राजू
अधीक्षण यंत्री, सिटी सर्किल

# हल्की बारिश से तापमान गिरा, उमस बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुधवार शाम हुई हल्की बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर दी, लेकिन उमस से राहत नहीं मिल सकी है। कई दिनों से बादलों की आवाजाही के बीच आखिरकार दोपहर बाद बारिश हुई, जिससे मौसम का मिजाज बदला और तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 12 जून के बाद से मौसम में बदलाव होगा और बारिश हो सकती है।

शहर में बुधवार दोपहर करीब 3:40 बजे बारिश शुरू हुई। बारिश के बाद कुछ समय के लिए मौसम सुहावना रहा, लेकिन बाद में धूप निकलने से उमस बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक हरीशप्रकाश चंद्रा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश



और आसपास के क्षेत्रों में कई मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं, जिनके संयुक्त प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव बना रहेगा। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके अलावा एक द्रोणिका पूर्वी मध्य प्रदेश से होते हुए विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा-झारखंड की ओर विस्तारित है।

### आज और कल बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, 11 जून को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वर्षा की गतिविधियां मुख्य रूप से प्रदेश के चरम उत्तर और दक्षिणी हिस्सों में देखने को मिल सकती हैं। एक-दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। तापमान में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन 12 जून से वर्षा की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं।

यहां पीएम आवास योजना के तहत 9 मकान भी बना लिए गए थे, निगम ने इन्हें छोड़ दिया

# घुरू में तीन एकड़ पर अवैध प्लाटिंग निगम ने तोड़ी सड़क और बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घुरू क्षेत्र में 3 एकड़ में हो रही अवैध प्लाटिंग पर निगम ने कार्रवाई की है। भवन शाखा और जोन क्रमांक-01 की संयुक्त टीम द्वारा गुरू गौर कालोनी में बुलडोजर चलाया जहां दो एकड़ में जमीनों की खरीदी बिक्री प्लाट काटकर की जा रही थी। इसके साथ ही गोकुलधाम से लगे क्षेत्र में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं नगर निगम की अनुमति के बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में लगाए गए विद्युत पोल को हटाया गया और सड़क को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान सड़क,बाउंड्रीवाल के साथ निर्माणाधीन दो मकानों को भी तोड़ा गया है। इसके अलावा यहां पीएम आवास योजना के तहत 9 मकान भी बना लिए गए थे। निगम ने इन्हें लेकिन छोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान जमकर विवाद भी हुआ।

- गुरू गौर कालोनी और गोकुलधाम में हो रही थी खरीदी बिक्री, कार्रवाई के दौरान जमकर हुआ विवाद

गौरतलब है कि बिना किसी स्वीकृत योजना और आवश्यक अनुमति के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियां एवं प्लाटिंग न केवल शहर की सुनियोजित विकास व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि भविष्य में नागरिक सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं से संबंधित गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न करती हैं। कार्रवाई के दौरान भवन शाखा के साथ ही जोन आफिस के कर्मचारी मौके पर थे। साथ ही पुलिस बल भी तैनात था।





### इन जगहों पर सबसे अधिक शिकायतें

अवैध प्लाटिंग की सबसे ज्यादा शिकायतें सकरी, लोखंडी, मंगला और तखतपुर क्षेत्र से आई हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त आउटर के उस्लापुर, मोपका, खमतराई, बहतराई, बिजौर, तोरवा, कोनी, सिरगिट्टी, तिफरा में अनियोजित विकास हो रहा है। अवैध प्लाटिंग रोकने प्रशासन नाकाम है और लोग सस्ते प्लाट के चक्कर में लगातार ठगे जा रहे हैं। जिला प्रशासन रजिस्ट्री कार्यालय को स्पष्ट निर्देश दे कि वह बिना डायवर्सन, ले आउट देखे किसी भी प्लाट की रजिस्ट्री न करें। ऐसा करने से थोक के भाव में हो रही रजिस्ट्री नियंत्रित हो जाएगी।

### फेंसिंग, रोड और बाउंड्री ढहा दी

निगम के मुताबिक घुरू में खसरा नंबर 592 और 607 में लवकुमार, कुश कुमार के साथ जयप्रकाश द्वारा दो एकड़ में प्लाट काटकर बेचा जा रहा था। इसके अलावा शासकीय भूमि में अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए निर्मित बाउंड्रीवाल एवं मकान को हटाया गया। निगम के मुताबिक कृषि जमीन पर बिना ले आउट, डायवर्सन कराए बिल्डरों द्वारा किसानों से एग्रीमेंट कर छोटे छोटे प्लाट की रजिस्ट्री कराने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसलिए अवैध प्लाटों पर निगम ने एक्सीवेटर के जरिए फेंसिंग, रोड और बाउंड्री ढहा दी। वहीं बिजली के खंभों समेत अन्य सामानों को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही खसरा नंबर 96 बटे एक एव 96 बटे 2 करीब एक एकड़ पर गोकुलधाम में नारायणी होम्स के पास अर्चना, प्रवीण, आरती, अनिता, पूजा, संतोष, विनोद द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।इस पर कार्रवाई करते हुए सड़क और बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया गया है।

साइकिल, पुस्तक और यूनिफार्म वितरण की ली जाएगी जानकारी

# 183 प्राचार्यों ने नहीं दिया जवाब बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 वीं और 12 वीं के बोर्ड रिजल्ट में जिले का प्रदर्शन खराब रहा है। इससे हड़कंप मचा हुआ है। 10वीं में जिला प्रदेश में 30वें और 12वीं में 27वें स्थान पर रहा। इसके बाद 183 स्कूलों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इनमें 10वीं के 139 और 12वीं के 44 स्कूल शामिल हैं। जिन विषयों में छात्र ज्यादा फेल हुए, उन विषयों के व्याख्याताओं से भी जवाब मांगा गया है। प्राचार्यों ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। इन पर कार्रवाई हो सकती है। इधर गुरुवार 11 जून को प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक रायपुर में होनी है। बैठक में साइकिल वितरण, पुस्तक और यूनिफार्म वितरण की जानकारी ली जाएगी। जो स्कूल भवन विहीन है उन पर चर्चा होनी है। शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले के उन स्कूलों को चिन्हित किया गया है जिनका परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा। सिर्फ प्राचार्य ही नहीं, बल्कि विषयवार व्याख्याताओं पर भी गाज गिरी है। जिन विषयों में छात्र सबसे ज्यादा अनुत्तीर्ण हुए हैं, उन संबंधित शिक्षकों को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है कि आखिर उनके विषय में परिणाम इतना खराब क्यों रहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे को भी फटकार लगाई है।

- जिन विषयों में छात्र ज्यादा फेल हुए, उन विषयों के व्याख्याताओं से भी जवाब मांगा गया

### स्कूलवार रिजल्ट, फेल और पूरक की समीक्षा

शिक्षा विभाग की टीम भी इस खराब रिजल्ट की समीक्षा कर रही है। स्कूलवार रिजल्ट, फेल प्रतिशत और पूरक आए विद्यार्थियों की स्थिति पर विस्तार से रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि बोर्ड परीक्षा में पूरक अथवा अनुत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क किया जाए। ऐसे छात्रों की सूची बनाकर उन्हें दोबारा होने वाली अवसर परीक्षा में शामिल कराकर पास कराने का लक्ष्य दिया गया है। इस विशेष कक्षाएं में छात्रों को अतिरिक्त मार्गदर्शन और विषयवार तैयारी कराने की बात कहीं गई, ताकि सभी छात्र सफल हो सकें।

### गणित, अंग्रेजी, भौतिक रसायन में खराब रिजल्ट

जिले में बोर्ड परीक्षा की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि जिन स्कूलों का रिजल्ट 80 प्रतिशत से कम रहा है, वहां कुछ खास विषयों ने पूरा खेल बिगाड़ा है। इसमें हाईस्कूल में गणित और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का प्रदर्शन सबसे निराशाजनक रहा है। उक्त विषय में कई स्कूलों में इन विषयों का रिजल्ट बहुत कम रहा। इसी तरह हायर सेकेंडरी में भौतिक और रसायन जैसे विषयों में भी छात्रों का प्रदर्शन उम्मीद से बेहद कमजोर पाया गया है। गौरतलब है कि जिले में 10वीं में जहां 65.30 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं तो वहीं 12वीं में 79.19 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए।

# खड़े इंजन से 1200 लीटर डीजल की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेशन के यार्ड में आकर खड़ी डीजल इंजन का लॉक तोड़कर आरोपियों ने 1200 से अधिक लीटर डीजल पार कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम ने जांच के साथ खोजबीन करने के बाद आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों के डीजल चोरी करने के बाद बेचने की जानकारी मिली, जिसपर अब खरीददारों की तलाश भी की जा रही है। सभी स्थानों में डीजल और पेट्रोल का काफी संकट है। इस संकट के कारण डीजल और पेट्रोल की कीमत भी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी बीच बिलासपुर रेल मंडल के शहडोल जिले में डीजल चोरी का एक बेहद चौकाने वाला मामला सामने आया है।

- आरपीएफ कर रही जांच, आरोपियों ने बेच दिया डीजल

रेलवे कई स्थानों पर अभी भी इलेक्ट्रिकल इंजन के साथ डीजल इंजन का उपयोग कर रहा है, जिसे विशेषकर संटिंग के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। एक इंजन में करीब 3500 से अधिक डीजल की खपत आती हैं, जिसे फुल टैंक भरा जाता है। संटिंग के लिए एक इंजन बुढ़ार स्टेशन में आकर खड़ी हुई।

लाइन नम्बर पांच में खड़ी इंजन से अज्ञात चोरों ने लॉक तोड़कर बड़ी मात्रा में डीजल निकाल लिया। आरोपी इतने शातिर थे कि स्टेशन परिसर में लोगों की आवाजाही और मौजूदगी के बावजूद वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। इससे पहले ट्रक और चार पहिया वाहनों से डीजल चोरी की घटना लगातार होती थी। पहली बार रेलवे स्टेशन में खड़ी इंजन से इतनी बड़ी मात्रा में डीजल चोरी होना बेहद गंभीर माना जा रहा है। डीजल चोरी होने की सूचना मिलते ही आरपीएफ प्रभारी मधुबाला पात्रा ने तत्काल जांच शुरु करने के बाद जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। अधिकारियों ने तत्काल आरोपियों की खोजबीन करने के लिए टीम गठित करने के साथ स्थानीय पुलिस का सहयोग लेने आदेशित किया। आदेश के बाद बुधवार की सुबह से दोपहर तक पूछताछ करने के साथ सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बेच दिया डीजल

आरपीएफ के अनुसार डीजल इंजन का लॉक तोड़कर 1200 लीटर से अधिक डीजल चोरी करने की सूचना मिलने के बाद तत्काल आरोपियों की खोजबीन शुरु कर दी गई। इसमें पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। वहीं उनके परिजन से भी पूछताछ की जा रही है। अब तक की जांच में डीजल चोरी करने के बाद आरोपियों ने उसे बेचने की जानकारी दी है, जिसके बाद अब अन्य लोगों की भी तलाश शुरु कर दी गई है।

## नौकरी लगाने के नाम पर ग्रामीण से 4.50 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** मंत्रालय में चपरासी की नौकरी लगाने के नाम पर ग्रामीण से 4.50 लाख रुपए की ठगी कर लिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, मुंगेली लालपुर चंदली निवासी मुकेश मानिकपुरी ने रिपोर्ट लिखाई। मूलतः मुंगेली पथरिया बदरा हालमुकाम तिफरा निवासी रामनारायण राजपूत ने उन्हें मंत्रालय में चपरासी की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। 13 दिसंबर 2022 को ग्राम करगीखुर्द में उन्होंने अपनी बहन सरिता मानिकपुरी की उपस्थिति में मुकेश मानिकपुरी को नौकरी लगाने के लिए 4.50 लाख रुपए दिए। उक्त रकम उन्होंने पिता की मृत्यु के बाद मिली सहायता राशि व परिजनों से उधार लेकर दिया था। साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद वह न तो नौकरी लगवा रहा है और न ही पैसा वापस कर रहा है। टालमटोल करने के बाद पैसा लौटाने से इनकार कर रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रामनारायण राजपूत के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# रिटायर्ड रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा



**बिलासपुर।** रिटायर्ड रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर व नकद रकम चोरी कर ली। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी प्रशांत फुलझेले 23 मई को गर्मी की छुट्टी मनाने परिवार सहित हिमांचल प्रदेश घूमने चले गए थे। घर में उनके माता पिता थे। अचानक गिर जाने से उनकी मां का हाथ फैक्चर हो गया। जिससे 27 मई को उनका छोटा भाई नागपुर से आकर घर के दरवाजे में ताला लगाकर माता पिता को अपने साथ नागपुर ले गया। 6 जून को फुलझेले घूमकर घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त था। घर से चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने घर का मुआयना कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चार दिन में दूसरी चोरी

कासिमपारा निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी सतीश कुमार तिग्गा 60 साल विगत 28 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर सिक्किम घूमने चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर कीमती सोने के जेवर, मोबाइल, टेबलेट चोरी कर लिया। 5 जून को वे घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई थी।

44 लाख रुपए जमा किया रेलवे ने वन विभाग के पास

# 400 पेड़ों पर चलेगी कुल्हाड़ी लेकिन नहीं लगेगा एक भी नया पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने व्यापार विहार से लेकर रेलवे स्टेशन और अन्य एरिया में 400 से हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने के लिए वन विभाग के पास 44 लाख रुपए की राशि जमा कर दी है। यह पेड़ सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ाए जाएंगे। इन पेड़ों को काटने के बाद अब तक कोई भी नया पौधरोपण कराने का कोई भी निर्णय रेलवे की ओर से नहीं लिया गया है।

जोन और छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्गत बिलासपुर के साथ रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में 392 करोड़ रुपए की लागत से रिडेवलपमेंट का कार्य इसलिए किया जा रहा है। रिडेवलपमेंट के



कार्य में गेट नम्बर चार और तीन में तोड़फोड़ सहित सामने गड्ढा करने का काम किया गया है। चारों ओर शेड लगने के कारण प्रतिदिन यात्री परेशान हो रहे हैं। इसी कार्य में एक काम सड़क चौड़ीकरण का भी है, जिसके लिए 300 से अधिक पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से पहले वन विभाग को 44 लाख रुपए की राशि जमा कर दी गई है। इसके उपरांत अब रेलवे के अफसरों ने अस्थायी बनाई गई पार्किंग में लगे करीब 100 से अधिक हरे-भरे पेड़ों पर भी मार्किंग कर दी है, जिसमें कभी भी कुल्हाड़ी चल सकती है।

### हरे-भरे हैं रेलवे क्षेत्र में पेड़

पर्यावरण के मामले में रेलवे का ऐसा क्षेत्र है, जहां सड़क के किनारे हरे-भरे पेड़ दिखाई देते हैं। तारबाहर चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक और जगमल चौक से लेकर जोन मुख्यालय, डिवीजन मुख्यालय, तितली चौक से रेलवे स्टेशन तक हरे-भरे पेड़ भीषण गर्मी में आक्सीजन का काम करते हैं। गर्मी के मौसम में शहर से कम तापमान रेलवे क्षेत्र का रहता है। अब इन हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने का रेल अफसरों ने निर्णय ले लिया है। वर्तमान में बनाई गई ड्राइंग व डिजाइन में कई रेलवे क्वार्टर, पुराने रेलवे के संचालित होने वाले कार्यालय, सेकेरसा की दीवार सहित हरे-भरे पेड़ों को काटकर 45 फीट सड़क बनाया जाना है।

### नियम के तहत कार्य

स्टेशन रि डेवलपमेंट का कार्य बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में किया जा रहा है। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए कई कार्यो को किया जाना है। इस कार्य में पेडों की कटाई का भी काम हैं। पार्किंग में लगे पेड़ों की अगर मार्किंग की गई है तो वह भी सड़क चौड़ीकरण का हिस्सा होगा, क्योंकि करीब 30 मीटर चौड़ी सड़क में कई पुरानी बिल्डिंग का हिस्सा चले जाएगा। पेड़ों की कटाई करने के बाद नए पौधे लगाने का कार्य भी संभवतः वन विभाग करेगी। रेलवे सारे कार्य नियम के तहत करेगी।

-अनुराग कुमार सिंह,
सीनियर डीसीएम
रेल मंडल बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152